CNEWS सिटी चीफ

# सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-187
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

इंदौर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

**आज का विचार**

जीवन में एक छोटा सा फ़ैसला भी आपको बहुत आगे या पीछे ला सकता है।




विजय दशमी की हार्दिक शुभकामनाये

# तमिलनाडु में बागमती एक्सप्रेस मालगाड़ी से टकराई, 19 जख्मी



## रेलवे जीएम बोले- सिग्नल और रूट में थी असमानता

तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में शुक्रवार रात एक बड़ा ट्रेन हादसा हुआ, जिसमें एक एक्सप्रेस ट्रेन खड़ी मालगाड़ी से टक्करा गई और उसके बाद 12 डिब्बे पटरी से उतर गए और 19 लोग घायल हो गए। ट्रेन हादसे के वक्त रेलगाड़ी में 1,300 से अधिक यात्री सवार थे। हादसा चेन्नई से करीब 40 किमी दूर हुआ।

### 75 किमी प्रति घंटा थी बागमती एक्सप्रेस की रफ्तार

दक्षिण रेलवे के जीएम आरएन सिंह ने बताया कि यह हादसा सिग्नल और रूट के बीच असमानता के कारण हुआ। 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही मैसूर-दरभंगा बागमती एक्सप्रेस को मेन लाइन से गुजरना था, लेकिन गलती से इसे उस ट्रैक पर मोड़ दिया गया, जहां मालगाड़ी खड़ी थी।

### रेलवे सिक्योरिटी कमिश्नर करेंगे हादसे की जांच

जनरल मैनेजर ने बताया कि ट्रेन को मेन लाइन पर जाना था, लेकिन सिग्नल सेट होने के बावजूद ट्रेन को लूप लाइन में भेज दिया गया, जहां मालगाड़ी खड़ी थी। इसके बाद एक्सप्रेस ट्रेन ने मालगाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ट्रेन का इंजन और 12 डिब्बे पटरी से उतर गए। अधिकारियों के मुताबिक, हादसे से पहले ट्रेन ड्राइवर ने लूप लाइन में एंट्री करने से पहले भारी झटका महसूस किया। रेलवे सिक्योरिटी कमिश्नर हादसे के सही कारणों की जांच करेंगे।

### हादसे के बाद करीब 18 ट्रेनें कैंसिल की गईं

तिरुवल्लूर जिले में रेल दुर्घटना और मरम्मत कार्यों के कारण कई ट्रेनों को रद्द या डायवर्ट किया गया। शनिवार को करीब 18 ट्रेनें कैंसिल की गईं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस हादसे पर गहरा दुख जताते हुए राहत और बचाव कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि ट्रैक की मरम्मत और बहाली का काम पूरा होने में 24 घंटे तक का समय लग सकता है।

## मध्यप्रदेश: पूर्व सीएम के भतीजे ने पुलिस को धमकाया, टीआई के मुंह पर उड़ाया सिगरेट का धुआं

मध्य प्रदेश के गुना में बड़ा कांड हो गया। राघौगढ़ में शुक्रवार (11 अक्टूबर) को पूर्व छ्रूदिग्विजय सिंह के भतीजे और पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह के बेटे आदित्य विक्रम सिंह ने पुलिस को धमकाया। आदित्य पर आरोप है कि उन्होंने पुलिस के मैं हूं अभिमन्यु जागरूकता अभियान के तहत हो रहे एक नुक्कड़ नाटक के कार्यक्रम को रोकने की कोशिश की है। आदित्य ने थाना प्रभारी से धक्का-मुक्की की और महिला पुलिस अफसर के सामने सिगरेट पीते हुए धुआं भी उड़ाया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा। पुलिस ने आदित्य विक्रम सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सिगरेट के धुएं का छल्ला बनाकर महिला अधिकारियों पर रंगदारी दिखाता दिग्विजय सिंह का भतीजापुलिस समझाने पहुंची तो किया हंगामा राघौगढ़ थाना प्रभारी टीआई जुबेर खान ने आदित्य विक्रम सिंह को समझाने की कोशिश की तो आदित्य हंगामा करने लगे। आदित्य ने कहा कि यहां कोई कार्यक्रम नहीं होगा, सभी को हटाओ। इसके अलावा, आदित्य के ड्राइवर ऊधम सिंह ने भी टिप्पणी की कि पूरा राघौगढ़ इन्हीं का है। इसके बाद पुलिसकर्मी वहां से चले गए। बाद में राघौगढ़ थाना प्रभारी की शिकायत पर आदित्य विक्रम सिंह और उनके ड्राइवर ऊधम सिंह राजपूत के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

## देशभर में दशहरे की धूम, राजनाथ सिंह ने जवानों के साथ की शस्त्र पूजा....मोदी-शाह ने दी शुभकामनाएं

देशभर में आज विजयादशमी पर्व यानी दशहरा की धूम है। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग स्थित सुकना कैंट पहुंचे। उन्होंने यहां भारतीय सेना के जवानों के साथ शस्त्र पूजा की और लोगों को दशहरा की शुभकामनाएं दीं। बता दें कि राजनाथ सिंह कई वर्षों से विजयादशमी पर शस्त्र पूजा की परंपरा निभाते आ रहे हैं, जिसमें उनके केंद्रीय गृह मंत्री के कार्यकाल का समय भी शामिल है। पीएम मोदी आज दिल्ली के लालकिला दशहरा मैदान में रावण दहन करेंगे।

**देश की आन-बान-शान को नहीं आने देंगे आंच- राजनाथ** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सुकना कैंट में अस्त्र-शस्त्र की पूजा की और वहां मौजूद सैनिकों को तिलक लगाया। जवानों के साथ दशहरा मनाया। उन्होंने कहा कि आज भारत हर




दिशा में सक्षता के साथ आगे बढ़ रहा है। सीमा पर होने वाली हर अवैध गतिविधि पर हमारे चौकस जवानों की नजर है। देश की आन-बान-शान को आंच नहीं आने देंगे। कभी-कभी जरूरत पड़ने पर शस्त्रों का प्रयोग भी आवश्यक हो जाता है।

**मोदी, गृह मंत्री शाह ने दी दशहरे की शुभकामनाएं** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लालकिला रामलीला मैदान में विजयादशमी उत्सव में शामिल होंगे। वे शनिवार शाम को यहां मनाए जा रहे दशहरा में रावण दहन करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देशवासियों को विजयादशमी पर्व और दशहरा की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि आज बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य, अंधकार पर प्रकाश और अधर्म पर धर्म की जीत का दिन है।

देशवासियों को विजयादशमी की असीम शुभकामनाएं। मां दुर्गा और प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से आप सभी को जीवन के हर क्षेत्र में विजय हासिल हो, यही कामना है।

## कॉलोनी की गली में खुल्लम-खुल्ला इश्क

### जो लोगों के घरों के सामने कर रहा अश्लील हरकत? शिकायत करने पर मचा बवाल

मध्यप्रदेश के जबलपुर में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। कांचघर नई बस्ती की गलियों में पिछले कुछ दिनों से युवक-युवती बड़ा कांड कर रहे हैं। लोगों के घरों के बाहर गली में खड़े होकर लड़का-लड़की कभी एक-दूसरे का हाथ पकड़ते हैं तो कभी गले मिलते हैं। एक घंटे तक दोनों खड़े रहते हैं। आसपास के लोगों ने अश्लील हरकत करने पर आपत्ति जताई तो दोनों विवाद करने पर उतारू हो गए। एक लड़के के साथ तो मारपीट तक की। परेशान रहवासियों ने अब एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।



**जानें लोगों न एसपी से शिकायत में क्या कहा** घमापुर थाना क्षेत्र के कांचघर बस्ती में रहने वाले लोगों ने एसपी से शिकायत कर कहा कि कुछ दिनों से हमारे घर के पास एक लड़का-लड़की आते हैं। गली में खड़े होकर अश्लील हरकतें करते हैं। वहां छोटे-छोटे बच्चे भी घूमते रहते हैं। जरा सोचिए ये सब देखकर उन पर क्या असर होता होगा। लोगों ने एसपी से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

**एसपी ने टीआई को कार्रवाई के दिए निर्देश** स्थानीय लोगों की शिकायत और सीसीटीवी वीडियो देखने के बाद एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी घमापुर को ऐसे लोगों के खिलाफ FIR दर्ज कर गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधिकारी ने भी माना कि इस तरह की हरकत सार्वजनिक स्थानों पर अपराध करने जैसा है। एसपी का कहना है कि लोगों ने शिकायत के साथ कुछ वीडियो भी दिए गए हैं। निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

**लोग बोले-अब हमें ही शर्म आने लगी है** लोगों का कहना है कि मोहल्ले के एक लड़के ने दोनों अश्लील हरकत करने से रोका तो युवक के साथ मारपीट की। घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी वीडियो लेकर घमापुर थाने गए। शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि हद तो तब हो गई जब बच्चे, बड़े या फिर बुजुर्ग रास्ते से निकलते हैं तो भी ये लड़का-लड़की इस तरह का हरकत करते रहते हैं। अब तो महिलाओं रास्ते से निकलने में भी शर्म आने लगी है।

आवश्यकता

प्रदेशो, जिला एवं तहसील स्तर पर एक कंपनी के लिए मार्केटिंग हेतु युवक / युवतियों की योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट

वेतन 15 हज़ार - 20 हज़ार होगा आगे योग्यता अनुसार

Contact WhatsApp Only, Text Message :
9755996590

## सिंगल कॉलम

### इंदौर में मंदिर ने गुंबज हटाकर फ्लाईओवर को दी राह

इंदौर शहर के अलग-अलग इलाकों भंवरकुआं, लवकुश चौराहा, फूटी कोठी और खजराना में बने फ्लाईओवर सीएम डॉ. मोहन यादव के हाथों जल्द ही शुरू होने जा रहे हैं। एबी रोड स्थित भंवरकुआं चौराहे पर फ्लाईओवर का निर्माण पूरा हो चुका है। इसके बाद वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा। फ्लाईओवर की एक भुजा में मंदिर की बाधा थी, इस वजह से कुछ समय काम प्रभावित रहा। बाद मंदिर का गुंबज हटाकर फ्लाईओवर को राह दी गई। गुंबज हटाने के बाद स्पान की लांचिंग कर निर्माण पूरा किया गया। लोकार्पण के बाद चौराहे पर हर दिन करीब ढाई लाख वाहनों की राह आसान होगी। भंवरकुआं चौराहे पर बने फ्लाईओवर के कारण आसपास की दर्जनों कॉलोनियों के रहवासियों के साथ ही एबी रोड और खंडवा रोड से आने वाले वाहनों की राह आसान होगी। इंदौर विकास प्राधिकरण ने इस फ्लाईओवर निर्माण कार्य अक्टूबर 2022 में शुरू किया था। 18 माह में निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन बाधाओं के कारण दो माह देरी से इसका लोकार्पण हो रहा है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालिक अधिकारी आरपी अहिरवार का कहना है कि दो भुजाओं में बना फ्लाईओवर क्षेत्र में यातायात की समस्या का समाधान करेगा। लोगों की राह आसान होगी और चौराहे पर रुकने की आवश्यकता नहीं होगी। राऊ ब्रिज का राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने भले ही लोड टेस्ट कर लिया है, लेकिन इसे अभी वाहनों की आवाजाही के लिए नहीं खोला जाएगा। कारण यह है कि एप्रोच और सर्विस रोड की हालात काफी खस्ता है। गड्ढों को भरा नहीं गया है। काम अधूरा होने से ब्रिज दिसंबर से पहले शुरू होता नजर नहीं आ रहा है। एनएचएआई ने एजेंसी को मरम्मत करने के निर्देश दिए हैं। एजेंसी धीमी गति से काम कर रही है। इसके चलते सालभर में चौथी बार ब्रिज शुरू करने की मियाद एनएचएआई को आगे बढ़ाना पड़ी है। दिसंबर 2023 में ब्रिज वाहनों की आवाजाही के लिए शुरू किया जाना था, लेकिन तब ब्रिज का काम ही पूरा नहीं हो पाया था। फिर तीन महीने समयसीमा आगे बढ़ाई। मार्च से लेकर जून तक ब्रिज का काम रुका था, क्योंकि सिंगाजी पावर प्लांट से फ्लाइऐश नहीं मिली।

### बंटोगे तो कटोगे, 25 वर्ष बाद हमारे बच्चों के लिए खतरा

**इंदौर** । भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटोगे तो कटोगे.... बयान का समर्थन करते हुए कहा कि जिस प्रकार से देश की डेमोग्राफी बदल रही है, 25 वर्ष बाद हमारे बच्चों के लिए बहुत खतरा है इसलिए हमें सतर्क होना होगाविजयवर्गीय ने कहा कि योगी जी ने सही कहा है बंटोगे तो कटोगे। हरियाणा की जनता ने बता दिया है कि बंटेंगे नहीं। यह बात विजयवर्गीय ने गुरुवार रात भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती द्वारा इंदौर में आयोजित सादगी गरबा महोत्सव में कही। विजयवर्गीय ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल तुष्टीकरण की नीति के चलते देश में अशांति फैलाने वालों को संरक्षण दे रहे हैं। जरूरी है कि हम सनातन धर्म के साथ चलें। हमारा धर्म, परंपरा, आध्यात्मिक शक्ति, धर्म गुरु और धर्म ग्रंथ विश्व में सर्वश्रेष्ठ हैं। अगर कोई विश्व को शांति का मार्ग दिखा सकता है तो वह भारत ही है।

### मध्य प्रदेश में पहली बार इंदौर में शुरू हुई पब-बार की ऑनलाइन मॉनिटरिंग

**इंदौर।** इंदौर शहर में देर रात तक पब और बार खुले रहने और शराब परोसे जाने की लगातार शिकायतें प्रशासन के पास पहुंच रही थी। देर रात शराब परोसे जाने के कारण विवाद भी होते थे और सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ रही थी। इसे संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर आशीष सिंह ने पब और बार खुलने व बंद होने की रियल टाइम मॉनिटरिंग शुरू कराई।सीसीटीवी कैमरे लगवाकर आबकारी विभाग के कंट्रोल रूम से निगरानी शुरू की गई। इस प्रक्रिया को शुरू हुए एक माह हो चुका है, लेकिन किसी भी स्थान से देर रात तक शराब परोसे जाने की शिकायत नहीं मिली है। प्रदेश में पहली बार यह प्रक्रिया इंदौर में अपनाई गई है। करीब एक माह पहले इंदौर में आबकारी विभाग ने 70 से अधिक बार और पब की ऑनलाइन रियल-टाइम मॉनिटरिंग शुरू की है। इसका उद्देश्य तय समय पर इन्हें बंद कराना है। रात 12 बजे बाद यदि कहीं शराब परोसी जाती है, तो कंट्रोल रूम को नोटिफिकेशन मिल जाता है। इसके बाद उस क्षेत्र का निरीक्षक तुरंत मौके पर कार्रवाई के लिए पहुंच जाता है। कंट्रोल रूम में बैठा आबकारी अधिकारी देर रात बार और पब की गतिविधियों पर नजर रखता है। इंदौर शहर में बार और पबों की संख्या अधिक होने से आबकारी विभाग का अमला नियमित सभी बार की जांच नहीं कर पाता था। इस वजह से बार देर रात तक संचालित होते थे। अब सीसीटीवी कैमरे लगाकर इन्हें आबकारी विभाग ने कंट्रोल रूम से कनेक्ट कर दिया। इंदौर शहर के आजाद नगर पुलिस ने दो पैडलरों को गिरफ्तार किया है जो मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त कर रहे थे।

# गरबे का छाया उल्लास मानों धरती पर हुआ इंद्रधनुष साकार






**सिटी चीफ इंदौर।**

**इंदौर।** नवरात्र के अंतिम दिवस यानी नवमी पर रसरंग एवं श्री गुजराती समाज की प्रस्तुति नईदुनिया रास उल्लास गरबा महोत्सव में गरबे को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।शाम से हो रही बारिश भी गरबा प्रतिभागियों के उत्साह के रंग को फीका नहीं कर पाई बल्कि यह तो और भी गहरा हो गया और जब बारिश का दौर थमा तो गरबा प्रेमियों ने पूरे उल्लास और उमंग के साथ गरबा किया। विभिन्न रंगों के परिधान पहनकर जैसे ही प्रतिभागी गरबा करना शुरू किया पूरा परिसर रंग-बिरंगी छटा से खिल उठा। ऐसा लगा मानों धरती पर इंद्रधनुष उतर आया हो। हर ताल पर कदम मिलाते हुए प्रतिभागियों ने समर्पण और आस्था का परिचय दिया।

गरबा महोत्सव में हर वर्ग और उम्र के लोग सम्मिलित हुए। छोटे बच्चों से लेकर उम्रदराज लोगों ने उमंग के साथ गरबा किया और माता दुर्गा की आराधना की।

नवरात्र के अंतिम दिन इस गरबा महोत्सव ने सभी को अद्भुत अनुभव दिया और भक्तों के दिलों में माता की अनंत कृपा का एहसास कराया। यहां 1008 दीपों से मां अंबे की महाआरती भी की गई।



**कहीं महाराष्ट्र की रंगत तो कहीं असम का बिहू**

इंदौर शहर में नवरात्र के अंतिम दिन उत्सव का उल्लास और भी गहरा रंग लिए छाया। मां की विदाई के पहले गरबा प्रतिभागियों ने नृत्य के माध्यम से मां की खूब आराधना की। वर्षा के बावजूद भक्ति की लौ जलती रही और देर से ही सही गरबा पंडालों में गरबे का ऐसा रंग चढ़ा जो देर रात तक जारी रहा। कहीं महाराष्ट्र की रंगत नजर आई तो कहीं असम का लोकनृत्य हुआ, कहीं पौराणिक कथा का मंचन हुआ तो कहीं नृत्य स्पर्धा हुई। संस्था निर्भय द्वारा छोटा बांगदड़ा में आयोजित गरबा महोत्सव में बालिकाओं ने ब्रह्मा, विष्णु और महेश की महिमा का गुणगान करती प्रस्तुति दी तो गोवर्धन पर्वत की लीला का भी मंचन किया।

संरक्षक मनोज पटेल ने बताया कि हर दिन अलग-अलग कलर थीम पर प्रस्तुति दी गई। वर्षा के बावजूद प्रतिभागियों ने मनोरम गरबा प्रस्तुति दी। गुजरात की गरबा टीम ने भजन पर नृत्य प्रस्तुत किया। निपानिया स्थित टाउनशिप में तीन दिवसीय गरबा उत्सव हुआ।

इसमें 300 से अधिक महिलाओं ने गरबा किया। रहवासी कल्याण संघ की सांस्कृतिक समिति प्रमुख उमाकांत सरावगी ने बताया कि टाउनशिप में रावण दहन भी किया जाएगा। संजना पार्क के नवदुर्गा महोत्सव में रहवासी संघ की महिलाओं और बालिकाओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया।

संघ के अध्यक्ष विनय सिन्हा व नवदुर्गा समिति की माधवी सक्सेना ने बताया कि आयोजन में प्रतिभागियों ने विविध प्रांतों की लोक परंपरा की बानगी प्रस्तुत की। कबीटखेड़ी मेन रोड स्थित स्कीम 136 में भी बालिकाओं ने गरबे की प्रस्तुति दी। हंसदास मठ में गरबा महोत्सव के दौरान विभिन्न समूह द्वारा गरबे की आकर्षक प्रस्तुति दी जा रही है। इसके तहत केसरिया जैन गरबा ग्रुप की महिलाओं ने नवमी की रात असम की लोककला से शहरवासियों को परिचित कराने के लिए बिहू नृत्य किया।

अहिल्याश्रम कन्या उमावि क्रमांक-2 में नवरात्र के अंतिम दिन छात्राएं परपंरागत परिधान में पहुंची और गरबा किया। सैकड़ों छात्राओं के लिए कन्या भोज भी रखा गया।

प्राचार्य दीपक हलवे ने बताया कि स्कूल परिसर में शुक्रवार को दुर्गा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। तीन हजार छात्राओं को भोजन प्रसादी सहित पाद पूजन कर उपहार दिए गए। कार्यक्रम में सभी छात्राओं ने शिक्षिकाओं के साथ गरबा किया।

# इंदौर में असली के नाम पर बिक रहा 800 लीटर मिलावटी घी खाद्य विभाग ने किया जब्त

**सिटी चीफ इंदौर।**

इंदौर जिले में मिलावटखोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। यहां असली के नाम पर मिलावटी खाद्य पदार्थ की बिक्री बड़ी मात्रा में की जा रही है। गत दिवस खाद्य विभाग ने मिलावटी घी की आशंका में एक गोदाम पर छापा मारा था और वहां से सैंपल लिए थे। जिसकी रिपोर्ट में घी में मिलावट पाई गई।

अधिकारियों के मुताबिक गत माह विभाग को शिकायतकर्ता से सूचना मिली थी कि राजस्थान की एक घी निर्माता फर्म बाल गोपाल डेरी प्रोडक्ट्स, रणपुर, कोटा द्वारा घी को इंदौर के संचार नगर स्थित मार्केटिंग फर्म श्री कुबेर इंटरप्राइजेस के माध्यम से बेचा जा रहा है।

इसके बाद टीम मौके पर पहुंची तो संचालक के पास शहर में खाद्य पदार्थ विक्रय का कोई लाइसेंस नहीं मिला। संचालक ने झाबुआ के पते का लाइसेंस दिखाया।




**महाश्री ब्रांड का मिलावटी घी**

प्रतिष्ठान में महाश्री ब्रांड के गाय व भैंस के घी के अलग-अलग पैकिंग के पांच नमूने टीम ने लिए थे, करीब 5.40 लाख रुपये कीमती 800 लीटर घी जब्त किया था। अभी दो नमूनों की रिपोर्ट विभाग को मिली है। जिसमें घी अमानक स्तर का पाया गया। घी में अन्य तेल मिला है। अभी तीन नमूनों की रिपोर्ट आना बाकी है।

**निजी लैब ने सैंपल पास कर दिए थे**

शिकायतकर्ता ने शक होने पर एमआर-10 स्थित नामी निजी लैब में जांच करवाई थी, जिसकी रिपोर्ट आठ दिन बाद आई और उसमें घी सही बताया गया। एक अन्य प्रयोगशाला में इसकी जांच करवाई, इसकी रिपोर्ट तीन घंटे में आई। इसमें मिलावट मिली थी। यानी शहर की कई लैब से साठगांठ करके मिलावटी नमूनों को सही बताया जा रहा है। वहीं शासकीय लैब में भी घी में मिलावट पाई गई।

**औद्योगिक इकाइयों की जांच में नहीं मिली अनियमितताएं**

इंदौर जिले में नशे के दुरुपयोग की आशंका वाली औषधीय और सिंथेटिक ड्रग्स वाली इकाइयों की जांच की जा रही है। विभिन्न विभागों की टीमों ने लगातार दूसरे दिन उद्योगों की जांच का अभियान चलाया।

इसमें 11 से अधिक इकाइयों का निरीक्षण किया गया जिनमें किसी भी तरह की अनियमिताएं नहीं मिली। खुड़ैल क्षेत्र में एसडीएम गोपाल वर्मा के नेतृत्व में औषधि निरीक्षक अलकेश यादव व जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं राजस्व विभाग के संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा सात औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया गया। एसडीएम ने बताया कि जिन औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया गया उनमें आबकारी विभाग द्वारा जारी एल्कोहल ड्रग्स लाइसेंस आदि की जांच की गई। सभी इकाइयों में नारकोटिक्स से संबंधित उत्पाद नहीं पाया गया।

# इंदौर के विजय नगर थाने में रखे सैंपल खा गए चूहे

**इंदौर।** जिन मालखानों में प्रकरणों से जुड़े साक्ष्य रखे जाते हैं, उन्हीं की हालत इतनी बदतर है कि मालखाने में रखा विसरा खराब हो जाता है। इस बात का अनुमान लगाया जा सकता है कि जब इंदौर के सबसे व्यस्त पुलिस स्टेशनों में से एक विजय नगर पुलिस थाने के ऐसे हालात हैं तो छोटे स्थानों पर पुलिस स्टेशनों की स्थिति क्या होगी। डीजीपी प्रदेश के सभी थानों के मालखानों में रखे दस्तावेजों, साक्ष्य के उचित रखरखाव का प्रबंध करें। मप्र हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने डीजीपी को यह आदेश विजय नगर पुलिस थाने से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए दिया है। अंसार नामक व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने पत्नी की हत्या का केस दर्ज किया है। अंसार ने चौथी बार जमानत याचिका दायर की थी।हाईकोर्ट ने तलब किए थे दस्तावेज कोर्ट ने मामले में जब दस्तावेज तलब किए तो पुलिस ने बताया कि महिला का विसरा और अन्य दस्तावेज जिस बाक्स में रखे थे उसे चूहें क्षतिग्रस्त कर चुके हैं। इसलिए पुलिस हिस्टोपैथोलाजिकल रिपोर्ट प्राप्त नहीं कर सकी। पुलिस ने 28 अन्य नमूने भी चूहों द्वारा नष्ट करने की बात कही थी। न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर ने जमानत याचिका निरस्त करते हुए आदेश दिया कि पुलिस अधिकारियों को जांच के दौरान जब्त की गई सामग्री की सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। हालांकि इस मामले में कुछ नहीं किया जा सकता लेकिन इस घटना ने कम से कम पुलिस स्टेशनों में जांच के दौरान एकत्र किए गए सामान, सामग्री की दयनीय स्थिति को उजागर तो कर ही दिया है। वह नीट की पढ़ाई कर रही है। 19 सितंबर को रात करीब पौने नौ बजे गीता भवन से वह पैदल पलासिया की तरफ आ रही थी। जैसे ही हनुमान मंदिर के पास पहुंची बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर फोन छीन लिया। छात्रा ने लोगों से मदद भी मांगी। कुछ दूरी तक पीछा भी किया लेकिन आरोपित पलासिया की तरफ भाग गए। घटना के बाद छात्रा की तबीयत खराब हो गई। उसने लिखित आवेदन दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार को परिचित के माध्यम से दोबारा थाने पहुंची और पुलिस को फुटेज दिखाए। गुरुवार रात पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया। सुनवाई के दौरान पुलिस ने कोर्ट को बताया कि तत्कालीन विजय नगर थाना प्रभारी और मालखाना प्रभारी के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। पलासिया थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने छात्रा से मोबाइल लूट लिया। छात्रा ने खुद लोगों की मदद से सीसीटीवी फुटेज निकाले और गुरुवार को केस दर्ज करवाया। घटना के बाद छात्रा की तबीयत खराब हो गई थी। पुलिस ने भी आवेदन लेकर रख लिया था।

# इंदौर में कहीं लेजर गन से होगा रावण वध, तो कहीं पुष्पक रथ पर सवार होकर आएगा

**सिटी चीफ इंदौर।**

इंदौर शहर में बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार विजयादशमी 12 अक्टूबर को हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इसे खास बनाने के लिए रावण दहन उत्सव समितियां पिछले एक माह से जुटी हुई हैं। सामाजिक सरोकार के संदेश के साथ कई नवाचार भी किए गए हैं। उषागंज में चलित रावण पुष्पक रथ पर सवार रहेगा तो चिमनबाग का रावण गर्दन घुमाकर अट्टाहास लगाएगा। छावनी में मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों का भी दहन होगा। रामबाग में रावण की आंखें गिरगिट की तरह रंग बदलेंगी और इसका दहन लेजर गन से होगा।संयोजक सत्यनारायण सलवाड़िया और अध्यक्ष पिंटू जोशी के अनुसार इस बार रावण की ऊंचाई 111 फीट की है। साथ ही लंका का निर्माण भी किया गया है। शाम सात बजे महूनाका से राम-





लक्ष्मण की शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद रावण दहन किया जाएगा।

संरक्षक अविनाश पचौरी ने बताया कि रावण के साथ 250 फीट लंबी लंका भी बनाई गई है। शाम सात बजे से आतिशबाजी शुरू होगी जो आकर्षण का केंद्र बनेगी। इसमें कई नए तरीके के पटाखे फोड़े जाएंगे। यहां महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

अध्यक्ष अनिल यादव के अनुसार दहन से पहले रावण गर्दन घुमाकर चारों ओर अट्टाहास लगाएगा और मुख से अंगारे बरसाएगा। दहन के साथ मुख अलग-अलग दिशाओं में गिरेंगे। साथ ही महाकाल की सवारी में बंदूक में बारूद फोड़ने वाले उज्जैन कड़ाबीन के कलाकार का शो भी होगा।

एकता सहयोग समिति के अध्यक्ष कपिल तिवारी और किशोर मीणा ने बताया कि इस बार वाटरप्रूफ चलित रावण बनाया गया है। यह रावण पुष्पक विमान पर सवार रहेगा। 50 बाय 50 के प्रोजेक्टर पर राम और रावण से जुड़े रोचक प्रसंग दिखाए जाएंगे। आतिशबाजी शाम सात बजे से शुरू होगी। आयोजक दीनू बोयत ने बताया कि रावण के साथ मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों का भी दहन होगा। साथ में 80 फीट की लंका होगी। थ्रीडी इमेज से दशानन का पुतला बनाया गया है। मुख्य चेहरा छोड़कर बाकी चेहरे कंकाल के रूप में दिखाए गए हैं। दहन से पहले आतिशबाजी भी होगी।

संरक्षक मुन्नालाल यादव ने बताया कि रावण दहन से पहले भजन संध्या, नृत्य नाटिका भी होगी। इस मौके पर रंगारंग आतिशबाजी भी की जाएगी। व्यवस्था को संभालने के लिए 150 कार्यकर्ताओं की टीम जुटेगी। अंत में रावण का दहन किया जाएगा।

संस्था सूर्यमंच के संयोजक सन्नी पठारे और साक्षी शुक्ला के अनुसार साधु-संतों के सान्निध्य में रावण दहन से पहले वानर सेना द्वारा नारी शक्ति की रक्षा का संदेश दिया जाएगा। प्रेरक कार्य करने वाले सेवाभावियों का सम्मान और राम-लक्ष्मण और हनुमान की यात्रा निकाली जाएगी।

**यहां भी दहन होगा रावण का दंभ**

रामबाग दशहरा उत्सव समिति द्वारा रामबाग में रात 8.30 बजे रावण किया जाएगा। आयोजक सचिन गौड़ ने बताया कि 101 फीट ऊंचे रावण के साथ लंका भी बनाई गई। रावण की आंखें गिरगिट की तरह रंग बदलेंगी। दहण आटोमेटिक लेजर गन से किया जाएगा।

पुलिस लाइन में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# भोपाल में उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने किया शस्त्र पूजन

**सिटी चीफ भोपाल।**

**भोपाल।** विजयादशमी के अवसर पर शनिवार सुबह राजधानी में नेहरू नगर स्थित पुलिस लाइन में विधि-विधान के साथ परंपरागत शस्त्र पूजन किया गया। इस मौके पर मां भगवती की पूजा-अर्चना के साथ हवन किया गया।हवन में उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, महापौर मालती राय, सांसद आलोक शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ पुलिस के आला अधिकारियों ने भी आहुति दी। हवन पूजन के बाद भूरे कुम्हड़े को तलवार से दो टुकड़ों में काटकर देवी को प्रतीकात्मक बलि चढ़ाई गई।

ॉ गौरतलब है कि दशहरा के अवसर पारंपरिक रूप से पुलिस विभाग के द्वारा शस्त्र पूजन की परम्परा रही है। जिसके संदर्भ में सभी जिला मुख्यालयों पर शस्त्र एवं विभाग के वाहनों का पूजन किया जाता है। शस्त्र पूजन कार्यक्रम में सभी शस्त्रों पर रोली लगाने के साथ



कलावा बांधे गए और पुष्प भी चढ़ाए गए। वैदिक ब्राह्मण के सान्निध्य में मां भगवती का पूजन एवं मन्त्रोपचार के साथ हवन किया गया। तत्पश्चात आरती की गई।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, महापौर मालती राय, सांसद आलोक शर्मा, पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, पुलिस उपायुक्त अखिल पटेल, पुलिस उपायुक्त सोनाक्षी सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीतू ठाकुर एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र ने पुलिस परिवार एवं समस्त शहरवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दी। साथ ही दशहरा पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मानने हेतु आग्रह किया।

**राजपूत समाज ने किया शस्त्र पूजन**

उधर, मप्र राजपूत समाज संस्था की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दशहरे के शुभ अवसर पर परंपरागत शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान समाज की विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। राजपूत समाज संस्था के चार इमली स्थित महाराणा प्रताप भवन में हुए कार्यक्रम में दुर्गा मां की आराधना के उपरांत परंपरागत राजपूताना तरीके से शस्त्र पूजन किया गया।

उसके बाद विभिन्न क्षेत्रों में वर्ष-2024 में उल्लेखनीय सफलता अर्जित करने वाली समाज की विभिन्न प्रतिभाओं को, इस वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले समाज के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के विधायक व भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवान दास सबनानी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा सिंह, संस्था के प्रदेश अध्यक्ष लेफ्टिनेंट विनय भदोरिया सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पीजी के बजाय 28 हजार विद्यार्थियों ने लिया यूजी चतुर्थ वर्ष में प्रवेश

**सिटी चीफ भोपाल।**

भोपाल। प्रदेश के 1323 निजी और सरकारी कॉलेजों की यूजी-पीजी की सीटों पर प्रवेश देने की प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। इस बार यूजी व पीजी में करीब 50 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश हुए हैं। पहली बार पीजी के साथ यूजी के चतुर्थ वर्ष (ऑनर्स) में प्रवेश देने की व्यवस्था भी हुई है। ऐसे में विद्यार्थी को अगर पीजी में प्रवेश नहीं लेना है तो वे यूजी ऑनर्स चतुर्थ वर्ष में प्रवेश ले सकता है। अगर विद्यार्थी चौथे वर्ष में आनर्स करेंगे तो उनके लिए पीजी एक साल का ही होगा।

इस बार करीब 28 हजार 400 विद्यार्थियों ने यूजी ऑनर्स चतुर्थ वर्ष में प्रवेश लिया है। अभी प्रवेश का आंकड़ा और बढ़ सकता है, क्योंकि यूजी ऑनर्स चतुर्थ वर्ष में 25 अक्टूबर तक प्रवेश होंगे। बता दें कि निजी और सरकारी कॉलेजों की यूजी-पीजी की करीब 10.39 लाख सीटों पर 5.04 लाख विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है।

**पीजी में करीब सवा लाख प्रवेश**

इस बार पहली बार नई शिक्षा नीति के तहत यूजी चतुर्थ वर्ष शुरू किया गया है। विद्यार्थियों की यूजी की डिग्री करने की अवधि तीन साल से बढ़ाकर चार साल कर दी गई है। ऐसे में अगर विद्यार्थी चाहें तो वे तीन साल में डिग्री पूर्ण कर पीजी में प्रवेश ले सकते हैं। वहीं अगर वे यूजी चतुर्थ वर्ष में प्रवेश लेते हैं तो उन्हें पीजी एक वर्ष का ही करना होगा। इस बार पीजी की करीब सवा दो लाख सीटों में से सवा लाख



सीटों पर प्रवेश हुए हैं। वहीं 28 हजार 400 विद्यार्थियों ने पीजी में प्रवेश नहीं लेकर यूजी के चतुर्थ वर्ष में प्रवेश लिया है। इसमें विद्यार्थियों ने आनर्स और रिसर्च विद आनर्स में प्रवेश लिए हैं।

**15 अक्टूबर तक होगा संशोधन**

विभाग की अंतिम चरण की कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) ऑफलाइन पद्धति से चलाई गई थी। इसमें ज्यादा प्रवेश नहीं हुए हैं। प्रवेश लेने के बाद 15 अक्टूबर तक विद्यार्थी विषय संबंधित अन्य त्रुटियों में संशोधन कर सकते हैं।

**फैक्ट फाइल**

प्रदेश में यूजी व पीजी कालेजों की संख्या - 1323

**यूजी व पीजी में कुल कितनी सीटें - 10.39 लाख**

यूजी व पीजी में कुल कितने प्रवेश - 5.04 लाख

यूजी में कुल कितनी सीटें - 8.25 लाख

यूजी में कुल कितने प्रवेश - 3.90 लाख

पीजी में कुल कितनी सीटें - 2.13 लाख

पीजी में कुल कितने प्रवेश - 1.14 लाख

पीजी में हर साल जितने प्रवेश होते हैं, उतने ही प्रवेश हुए हैं। इस वर्ष पीजी में प्रवेश लेने वाले 25 फीसदी से अधिक विद्यार्थियों ने यूजी चतुर्थ वर्ष (ऑनर्स) में प्रवेश लिया है।

# मध्य प्रदेश में निवेश आकर्षित करने अब हैदराबाद में रोड शो करेंगे मुख्यमंत्री मोहन यादव

**सिटी चीफ भोपाल।**

प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अब तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में रोड शो करेंगे। 15 और 16 अक्टूबर को होने वाले इस रोड शो के दौरान इंटरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज इन मध्य प्रदेश में फार्मा, वीएफएक्स (विजुअल इफेक्ट्स), लाइफ साइंसेस, आईटी एवं आईटीईएस और टूरिज्म जैसे महत्वपूर्ण सेक्टरों में निवेश को लेकर प्रमुख उद्योगों के प्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे। इसके पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा मुंबई और बेंगलुरु में रोड शो आयोजित किए जा चुके हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के लिए सरकार अन्य राज्यों के साथ संभागीय मुख्यालयों पर रीजनल इन्वेस्टर्स समिट कर रही है। अब तक लगभग दो लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव मिल चुके हैं। अब मुख्यमंत्री हैदराबाद में उद्योग प्रतिनिधियों से वन-टू-वन



मीटिंग, राउंड टेबल मीटिंग, लीडरशिप लंच एवं डिनर पर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।

साथ ही हाईटेक सिटी, अमेजन फेसेलिटी और टी-हब का निरीक्षण भी करेंगे। सरकार का प्रयास है कि फार्मास्युटिकल उद्योग मध्य प्रदेश में आएं। तेलंगाना में स्थित फार्मा उद्योग 40 प्रतिशत से अधिक भारत की दवाओं का उत्पादन करता है।

हैदराबाद का वीएफएक्स और एनिमेशन सेक्टर भी देश में तेजी से उभर रहा है। इंटरैक्टिव सेशन में वीएफएक्स कंपनियों, लाइफ साइंसेज कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ संभावित साझेदारी और अनुसंधान अवसर, दोनों राज्यों के बीच पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निवेश सहित इंटरैक्टिव सेशन में अन्य क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं और साझेदारी पर चर्चा की जाएगी।

# दशहरे पर आज भोपाल शहर में कई जगह रहेगा ट्रैफिक का दबाव, शाम को इन मार्गों पर जाने से बचें

**भोपाल।** दशहरा पर्व के अवसर पर शनिवार रात को राजधानी में 20 से अधिक स्थानों पर बड़े स्तर पर रावण दहन का कार्यक्रम होगा। इनमें सबसे प्राचीन विजय भूमि छोला मैदान में कार्यक्रम के पहले श्रीराम विजय रथ यात्रा भी निकलेगी। इसके पहले सुबह आठ बजे से 50 से अधिक स्थानों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन भी निकलेगा। इसके साथ ही नवरात्र के समापन के साथ दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा। इन आयोजनों को देखते हुए शहर में अलग-अलग समय पर कई मार्ग परिवर्तित रहेंगे। बैरागढ़ दशहरा मैदान, गांधी नगर दशहरा मैदान, कोहेफिजा दशहरा मैदान, छोला दशहरा मैदान, हाउंसिग बोर्ड करोंद दशहरा मैदान, अशोका गार्डन दशहरा मैदान, जंबूरी दशहरा मैदान, अयोध्या नगर दशहरा मैदान, भेल दशहरा मैदान, एमवीएम दशहरा मैदान, बिट्टन मार्केट दशहरा मैदान, लहारपुरा दशहरा मैदान, पांच नंबर बस स्टाप दशहरा मैदान, ओल्ड कैंपियन दशहरा मैदान, टीटी नगर दशहरा मैदान, कोलार दशहरा मैदान, शाहपुरा दशहरा मैदान, कलियासोत एडवेंचर ग्राउंड आदि पर वृहद रूप से रावण दहन का आयोजन होगा। दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में रामविजय रथ यात्रा बांके बिहारी मंदिर (मारवाड़ी रोड) से आरंभ होकर चिंतामन चौराहा, यूनानी सफाखाना, सुल्तानिया रोड, चौकी चौक, घोड़ा नक्काश, छोटे भैया चौराहा, नादरा बस स्टैंड, छोलारोड, अग्रवाल धर्मशाला होते हुए छोला दशहरा मैदान पर संपन्न होगी। शनिवार को दोपहर दो बजे से किसी भी प्रकार के भारी वाहन खजूरी बायपास मुबारकपुर चौराहा, नया बायपास लांबाखेड़ा, चौपड़ाकला बायपास, पटेलनगर, भानपुर, बेस्टप्राईज, करोंद चौराहा, लालघाटी, प्रभात पेट्रोल पंप चौराहा, सुभाष नगर फाटक, जिंसी चौराहा, हबीबगंज नाका, सूरजनगर, मिसरोद 11 मील से शहर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। भानपुर चौराहे से छोला दशहरा मैदान की ओर केवल वे ही हल्के व दुपहिया वाहन आ सकेंगे जो दशहरा मैदान रावण दहन कार्यक्रम में सम्मिलित होना चाहते हैं। शेष सभी वाहन जिन्हें नादरा बस स्टैंड या डीआइजी बंगले की ओर जाना है, वे सभी वाहन बेस्टप्राईज तिराहा, कृषि उपजमण्डी, जेपी नगर तिराहा, डीआइजी बंगला चौराहा अथवा गणेश मंदिर छोला अण्डर ब्रिज होकर नादरा बस स्टैंड की ओर जा सकते हैं। विदिशा या बैरसिया की ओर से नादरा बस स्टैंड या पुतली घर बस स्टैंड की ओर वाली सभी बसें भानपुर चौराहा अथवा बेस्टप्राईज तिराहे तक ही आ सकेंगी। शाम छह बजे से उपरोक्त सभी बसें का नादरा बस स्टैंड अथवा पुतलीघर बस स्टैंड की ओर नही आ सकेंगी। श्री रामविजय रथ यात्रा के दौरान जब रथ यात्रा नादरा बस स्टैंड पहुंचेगी, तब भोपाल टाकीज चौराहा एवं अल्पना तिराहा से सभी प्रकार के वाहन नादरा बस स्टैंड की ओर नहीं आ-जा सकेंगे। रथ यात्रा के छोला रोड में प्रवेश करने पर जो वाहन छोला दशहरा मैदान जाना चाहते है, वे सभी वाहन वैकल्पिक मार्ग काजी कैम्प, डीआइजी बंगला से जेपी नगर तिराहा, कृषि उपज मण्डी के सामने से बेस्टप्राईज होते हुये छोला दशहरा मैदान जा सकते हैं। छोला दशहरा मैदान पर वाहनों के लिए रेलवे गोदाम के पास, टिम्बर मार्केट एवं स्टेडियम के पास पार्किंग की व्यवस्था की गई है। भेल दशहरा मैदान में रावण दहन के दौरान चेतक ब्रिज, अन्नानगर, करियर कालेज, भेल गेट नंबर छह एवं सिक्युरिटी लाइन तिराहा, हेमा स्कूल से अन्ना नगर करियर कालेज तिराहा तक तथा सिक्युरिटी लाइन हेमास्कूल चौराहा से भेल सद्भावना चौराहा तक यातायात का अत्याधिक दबाव रहेगा। इस मार्ग का वैकल्पिक मार्ग एमपीनगर चेतक ब्रिज से अवधपुरी जाने वाले वाहन अन्ना नगर से दायें मुड़कर हबीबगंज मस्जिद तिराहा से बायें मुड़कर जवाहरलाल नेहरू गुलाब उद्यान से बाएं मुड़कर भेल से अवधपुरी की ओर आवागमन कर सकेंगे।

# हवन में बैठने से रोका तो किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी

**सिटी चीफ भोपाल।**

भोपाल। नवरात्र की नवमी पर घर के बाहर झांकी में किए जा रहे हवन में 16 वर्षीय किशोरी को स्वजन ने बैठने नहीं जाने दिया। यह बात किशोरी को इस कदर नागवार गुजरी कि उसने खुदकुशी कर ली। किशोरी के घर के बाहर झांकी में नवमी का हवन होना था। हवन में आहुति देने कई बच्चे बैठे थे तो किशोरी ने भी जिद की, लेकिन जब परिवार ने उसे नहीं बैठने दिया तो वह गुस्से में कमरे के भीतर गई और मां की साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में छानबीन शुरू कर दी है। रातीबड़ थाना पुलिस के अनुसार किशोरी राधिका बुंदेला इलाके में अपने परिवार के साथ रहती थी। शुक्रवार को सुबह हवन में नहीं बैठाने की बात पर पहले उसके छोटे भाइयों ने चिढ़ा दिया था, जिसके बाद राधिका बेहद नाराज हो गई। आवेश में आकर वह अपने कमरे में चली गई। उसने मां की साड़ी ली, पाइप के सहारे फंदा बनाया और इसके बाद फंदे को अपने गले में कसकर कुर्सी हटा दी। इस दौरान उसने कमरे का गेट



खुला छोड़ दिया था। कमरे के बाहर बैठी मां की नजर जब तक उस पर पड़ी, तब तक उसकी सांसों की डोर टूट चुकी थी। स्वजन उसे फंदे से उतारकर नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।। अस्पताल से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा तैयार कर किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर, बिलखिरिया थाना क्षेत्र के झागरिया पहाड़ी रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिससे हादसे में एक बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं दो अन्य लोग गंभीर घायल हैं। बिलखिरिया थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु की है। पुलिस के अनुसार 21 वर्षीय अभिषेक मांझी रायसेन जिले का रहने वाला है। वह गुरुवार रात करीब दस बजे अपने घर जा रहा था, तभी सामने से आ रही बाइक से उसकी टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद इलाज के दौरान अभिषेक ने शुक्रवार को दम तोड़ दिया। जबकि दूसरा बाइक सवार अयान गंभीर रूप से घायल है। वहीं हादसे में घायल तीसरी युवती की पहचान नहीं हो सकी है।

# भोपाल में दुर्गा पंडाल में हादसा... हाइटेंशन लाइन की चपेट में आए चार युवक



**सिटी चीफ भोपाल।**

भोपाल। शहर के करोंद इलाके की रतन कालोनी में शुक्रवार रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। दुर्गा उत्सव पंडाल में काम कर रहे चार लोग हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गए। इस हादसे में घायल एक व्यक्ति की हालत नाजुक बताई जा रही है। सभी घायलों को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि ये युवक माइक का वायर सुधारने की कोशिश कर रहे थे, तभी उनके साथ हादसा हो गया। पहले एक युवक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया, उसे बचाने के चक्कर में अन्य तीन को भी करंट लग गया।

**पाइप पर चढ़े थे युवक**

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे रतन कालोनी में कुछ लोग पाइप पर चढ़कर वायर सुधारने की कोशिश कर रहे थे। पास से ही हाइटेंशन लाइन गुजर रही थी, जिसकी चपेट में चार युवक आ गए। इनमें मुकेश और माखन साहू शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। करंट से झुलसे 35 वर्षीय माखन साहू की हालत गंभीर बताई जा रही है।

धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हादसा

दुर्गा पांडाल में नवमी के मौके देर रात तक धार्मिक कार्यक्रम चल रहे थे। इसी दौरान वहां लगे एक माइक का वायर खराब हो गया। इसे सुधारने के लिए एक युवक पाइप के जरिए ऊपर चढ़ा था। यही से बिजली की हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी। जिसकी चपेट में युवक आ गया और उसे उसे करंट लग गया। उसे बचाने की कोशिश में अन्य ती युवक भी चपेट में आ गए।

मौके पर मची अफरातफरी

हादसा होते ही वहां अफरातफरी का माहौल हो गया। करंट से झुलसे युवकों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। सूचना मिलने पर दमकल विभाग और बिजली कंपनी की टीम मौके पर पहुंची। इलाके में तत्काल बिजली की आपूर्ति बंद की गई, ताकि कोई दूसरा तारों की चपेट में न आ जाए। दुर्गा उत्सव समिति ने भी कार्यक्रम बंद कर दिए।

## संपादकीय

# रामलला मंदिर अर्थात विध्वंस वृत्ति पर धर्म की विजय

गीता में कृष्ण शस्त्रधारियों में स्वयं को राम कहते हैं, ऐसे में कृष्ण चेतना की खोज में जुटे इस्कॉन के भक्त भी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या नगरी में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर बेहद उत्साहित हैं। रामलला मंदिर की पुनः प्रतिष्ठा के अवसर पर इस्कॉन के मंदिरों में घी के दीपक जलाए जाएंगे और समारोह का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इसके अलावा उसी दिन इस्कॉन की दिल्ली से अयोध्या तक की 41 दिनों की श्रीराम पद यात्रा भी पूर्ण होगी। इस्कॉन द्वारा अयोध्या में भक्तों को मुफ्त भोजन भी करवाया जाएगा। भक्ति के इन आयामों के साथ-साथ इस्कॉन सनातन धर्म के वैचारिक संघर्ष को भी आगे बढ़ा रहा है। पत्रकार प्रेरणा कुमारी से बातचीत में इस्कॉन द्वारका के उपाध्यक्ष अमोघ लीला प्रभु ने सनातन के विरुद्ध होने वाले हमलों के राजनीतिक और सामाजिक पहलुओं पर बातचीत की। सबसे पहले अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की महत्ता पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि यह मंदिर सैकड़ों वर्षों के संघर्ष का साक्षी है। यह निर्माण आक्रांताओं की विध्वंसक वृत्ति पर धर्म की विजय का प्रतीक है। मंदिर के बजाय अस्पताल-स्कूल बनाने के सुझाव पर उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि कुछ कम बुद्धि वाले लोग मंदिर और स्कूल को परस्पर विरोधी के रूप में देखते हैं लेकिन ऐसा नहीं है। कुछ लोगों को पार्टियों, फिल्मों और सैर-सपाटे पर खर्च के समय गरीब की याद नहीं आती, सिर्फ मंदिर के मामले में ही ऐसे तर्क दिए जाते हैं। देश को आध्यात्मिक उन्नति की सीढ़ी मंदिरों के साथ स्कूलों जैसे लौकिक तरक्की के साधनों दोनों की जरूरत है। सनातन पर हमलों का प्रतिरोध करेगा इस्कॉन बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न और मंदिरों पर हमलों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि धर्म और अधर्म का लगातार संघर्ष चल रहा है। इस्कॉन धार्मिक विद्वेष के चलते सनातन पर होने वाले हमलों का लगातार प्रतिरोध कर रहा है। हाल ही में बांग्लादेश के चंद्रनाथ शिव मंदिर को बचाने के लिए इस्कॉन के भक्तों ने प्रखर अभियान शुरू किया है। उनके अनुसार, सनातन के प्रचार-प्रसार के लिए शास्त्र धारण किए जाते हैं और इसकी रक्षा के लिए शस्त्र भी उठाए जा सकते हैं। भारत और सनातन धर्म पर ऐतिहासिक हमलों और जबरन धर्मांतरण के बारे में उन्होंने बताया कि हमारी आपसी फूट हमारी पराजय का कारण रही है। इसके अलावा हिंदूओं के एक बड़े वर्ग का अंतर्मुखी स्वभाव भी हिंदू धर्म का यथोचित प्रचार नहीं होने का कारण है। हिंदू समाज निजी सफलता और व्यक्तिगत उन्नति से ही संतुष्ट हो जाता है और सामूहिक धर्म की अनदेखी की जाती है। उनके अनुसार आज हिंदू धर्म में सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि हम अपने धर्मग्रंथों का अध्ययन ही नहीं करते। धर्म के बारे में हमारी जानकारी सतही और टीवी कार्यक्रमों पर आधारित है। उत्तर-पूर्व में धर्मांतरण की समस्या भी हमारी उदासीनता का परिणाम है। दर्शन स्थल के बजाय संस्कार केंद्र बनें मंदिर वर्तमान में धर्म की स्थिति पर उन्होंने बेबाकी से कहा कि हमारे घरों और मंदिरों में हम धर्म को अपेक्षित महत्व नहीं देते हैं। घरों में बने पूजा कक्ष बस किसी तरह अस्तित्व में बने रहते हैं। इसी तरह मंदिर हमारे संस्कार केंद्र होने चाहिए लेकिन वे मात्र दर्शन स्थल बनकर रह गए हैं। लोग मंदिर आते हैं, दर्शन करते हैं और चले जाते हैं, वहां कीर्तन, जप और अध्ययन-श्रवण जैसी परंपराओं का निरंतर ह्रास हो रहा है। कई जगहों पर सफाई और सुव्यवस्था का भी अभाव है। इसी तरह बच्चों को धर्म से जोड़ने पर प्रश्न पर उन्होंने कहा कि दरअसल माता-पिता स्वयं ही धर्म के सत्व से दूर हो रहे हैं, स्वाभाविक रूप से बच्चे भी धर्म के सत्व से दूर हो रहे हैं। माता-पिता धर्म-अध्यात्म और भक्ति को भौतिक उन्नति में बाधा मानते हैं। हालांकि धर्म से यह दूरी हमें आम जिंदगी के सुखों से भी दूर करती है। वर्तमान समय में तनाव, अवसाद और आत्महत्याओं का सबसे बड़ा कारण यही है कि आम लोग धर्म के सत्व से दूर हैं।

# हरियाणा 'जीत' से जम्मू-कश्मीर में वैचारिक हार को ढँकने की कोशिश



दो राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे बता रहे हैं कि बाज़ी बराबर पर छूटी है। एक राज्य बीजेपी के खाते में गया और एक राज्य इंडिया गठबंधन के खाते में। लेकिन गोदी मीडिया के लिए जम्मू-कश्मीर में बीजेपी को मिली हार का कोई मतलब ही नहीं है। वह हरियाणा में मिली जीत का ढोल बजाकर जम्मू-कश्मीर में बीजेपी की विफलता को नेपथ्य में डालना चाहता है। जबकि यह हार सिर्फ़ बीजेपी की नहीं, आरएसएस की पूरी विचारधारा की है। अनुच्छेद 370 हटाने से लेकर राज्य का दर्जा छीनने तक, मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर के साथ जो-जो किया, उसे इंडिया गठबंधन को जिताकर जनता ने पूरी तरह नकार दिया है।

हरियाणा में कांग्रेस और बीजेपी के बीच एक फ़ीसदी से भी कम वोटों का अंतर रहा है और वहाँ बीजेपी की जीत चुनावी मैदान में दिख रही जन-भावना के बिलकुल उलट है। किसान, जवान, पहलवान के प्रति बीजेपी सरकार का ग़ुस्सा किसी कल्पना की उपज नहीं था। सारे चुनावी सर्वेक्षण एक ही दिशा में इंगित करते हुए बता रहे थे कि लोगों में बीजेपी सरकार को लेकर भारी नाराज़गी है। स्वतंत्र पत्रकार और पर्यवेक्षक भी यही बता रहे थे लेकिन बीजेपी फिर भी जीत गयी। कांग्रेस ने धाँधली के जो आरोप लगाये हैं, वे काफ़ी गंभीर हैं जिनकी जाँच होना लोकतंत्र पर जनता का भरोसा बनाये रखने के लिए ज़रूरी है।

बहरहाल, थोड़ी देर के लिए मान भी लिया जाये कि हरियाणा के नतीजे बिना किसी धाँधली के आये हैं तो भी यह कोई ऐसी जीत नहीं है जिससे लोकसभा चुनाव में बहुमत न जुटा पाने वाले पीएम मोदी को फिर से महाबली ठहराया जा सके। हरियाणा में न उनकी रैलियों में लोग जुटे और न उन्हें बड़ी तादाद में लोग सुनने को ही तैयार थे। अंत समय में तो पोस्टरों से भी मोदी जी का चेहरा हटा लिया गया था। ज़ाहिर है, हरियाणा में मिली जीत अप्रत्याशित है लेकिन इसके सहारे जम्मू-कश्मीर में मिली पराजय को छिपाने की कोशिश की जा रही है जो बीजेपी ही नहीं आरएसएस के बड़े सैद्धांतिक प्रयोग की हार भी है।मोदी सरकार का दावा है कि उसने दस साल में जम्मू-कश्मीर की तस्वीर पूरी तरह बदल दी है। तमाम आतंकी हमलों और घटनाओं को दरकिनार करते हुए घाटी में शांति लाने का वह ज़ोरदार दावा करती है। अनुच्छेद 370 हटाना तो बीजेपी के पूर्व अवतार जनसंघ के समय ही मुद्दा रहा है जो उसके मुताबिक़ कश्मीर को स्वर्ग बनाने के लिए ज़रूरी था। इसके लिए उसने संविधान-सभा बुलाना तो दूर विधानसभा से भी प्रस्ताव पास कराना ज़रूरी नहीं समझा और राज्यपाल में ही विधानसभा की शक्ति को समाहित मान लिया था। यही नहीं, इतिहास में पहली बार किसी से पूर्ण राज्य का दर्जा छीनकर केंद्र शासित बनाया और राज्य का विभाजन भी कर दिया। यह सब जनता की ख़ुशहाली के नाम पर किया गया था लेकिन दस साल बाद हुए चुनाव में मतदान के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए इंडिया गठबंधन को पूर्ण बहुमत देकर जनता ने बीजेपी को दाँव-पेच पर अपना ग़ुस्सा निकाला है। यह ग़ुस्सा प्रेस की आज़ादी और अन्य नागरिक अधिकारों के दमन के ख़िलाफ़ भी निकला है।जम्मू-कश्मीर में जीत हासिल करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने वह सब किया जो वह कर सकती थी। पहला खेल तो परिसीमन के नाम पर किया गया। जिस जम्मू में बीजेपी मज़बूत मानी जाती है वहाँ की सीटें बढ़ा दी गयीं। जम्मू क्षेत्र में छह नयी विधानसभा सीटें जोड़ी गयीं जबकि कश्मीर में सिर्फ़ एक। इन छह नयी सीटों में बीजेपी ने पाँच पर जीत हासिल की है। जम्मू में पहले 37 और कश्मीर में 46 सीटें थीं जो इस बार बढ़कर जम्मू में 43 और कश्मीर में 47 हो गयी थीं। यानी कुल 90 सीटों पर चुनाव हुए। जब लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग कर दिया गया तब राज्य विधानसभा में सिर्फ़ 107 सीटें रह गयी थीं। पुनर्गठन अधिनियम में इन सीटों को बढ़ाकर 114 कर दिया गया। इनमें 90 सीटें जम्मू-कश्मीर के लिए और 24 पाक अधिकृत कश्मीर के लिए हैं।

केंद्र में सरकार चला रही किसी पार्टी के लिए यह शर्मनाक है कि उसे देश के किसी हिस्से में इस तरह पराया महसूस किया जाये। या वह ख़ुद ऐसा करे।विधानसभा चुनाव में भी ऐसा ही हुआ। घाटी की 47 सीटों में बीजेपी ने महज़ 19 पर प्रत्याशी उतारे थे। पार्टी ने दावा किया था कि जनता बीजेपी की ओर आशा भरी निगाह से देख रही है, लेकिन यहाँ उसका खाता भी नहीं खुला। बीजेपी ने जो 29 सीटें जीतीं, वे सभी जम्मू क्षेत्र की हैं। बीजेपी की पूरी कोशिश इंडिया गठबंधन के मतदाताओं में बिखराव का फ़ायदा उठाने की थी। इसके लिए कई उग्रपंथियों को जेल से निकलकर चुनाव लड़ने की सुविधा दी गयी। यहाँ तक कि प्रतिबंधित जमाते-इस्लामी के सदस्यों को निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। रणनीतिक रूप से ऐसे तमाम उम्मीदवार खड़े किये गये जिससे इंडिया गठबंधन को नुकसान पहुँचे। आतंकी फ़ंडिंग के आरोप में जेल में बंद इंजीनियर रशीद ने लोकसभा चुनाव में उमर अब्दुल्ला को हराकर सनसनी मचा दी थी। उन्हें भी 11 सितंबर को जेल से रिहा कर दिया गया।हद तो ये है कि अपनी विभाजनकारी राजनीति के तहत नेशनल कॉन्फ़्रेंस को पाकिस्तान-परस्त साबित करने की कोशिश की गयी जिसने अनुच्छेद 370 की पुनर्बहाली के लिए क़ानूनी रास्ता अख़्तियार करने का वादा किया था। इस मुद्दे पर कांग्रेस को भी कठघरे में खड़ा किया गया। यह भी कहा गया कि पूर्ण राज्य की बहाली सिर्फ़ बीजेपी कर सकती है, बिना इस बात का जवाब दिये कि आख़िर केंद्र शासित प्रदेश बनाकर जनता के अधिकार को छीनने का 'पाप' भी उसी ने किया था।बीजेपी की पूरी रणनीति जम्मू-कश्मीर में 'त्रिशुंक' विधानसभा लाने की थी। ताकि वह कुछ निर्दलीयों और अपने प्रॉक्सी दलों के साथ मिलकर सरकार बनाने में क़ामयाब हो जाये। पाँच एग्ज़िट पोल में 'हंग असेंबली' की भविष्यवाणी भी की गयी थी। इसी योजना के तहत मतदान के बाद उपराज्यपाल की ओर से पाँच सदस्यों के मनोनयन का प्रस्ताव भी आ गया ताकि ज़रूरत पड़ने पर बहुमत का इंतज़ाम हो सके। लेकिन जम्मू-कश्मीर की जनता किसी भ्रम में नहीं पड़ी। उसने बीजेपी की सारी साज़िश की हवा निकाल दी। यहाँ तक कि जिस पीडीपी ने पिछली बार सबसे ज़्यादा (28) सीट जीतकर बीजेपी के साथ सरकार बनायी थी उसे भी बड़ा सबक़ सिखाते हुए तीन सीटों पर समेट दिया। इंजीनियर रशीद की अगुवाई वाली अवामी इत्तेहाद पार्टी के 44 उम्मीदवारों में एक भी नहीं जीत पाये। किसी किंतु-परंतु की गुंजाइश को नकारते हुए जनता ने अकेले नेशनल कान्फ्रेंस को 42 सीटों पर विजय दिला दी। साथ में कांग्रेस को छह और सीपीएम को भी एक सीट मिली। यानी इंडिया गठबंधन के पास 49 सीटें आ गयीं।

इसके बावजूद गोदी मीडिया जम्मू-कश्मीर चुनाव में बीजेपी और आरएसएस के बड़े वैचारिक प्रयोग की क़रारी हार पर चर्चा नहीं कर रहा है। उल्टा ये बता रहा कि बीजेपी हार कर भी जीत गयी क्योंकि कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव हुए और बड़ी तादाद में लोगों ने बेख़ौफ़ होकर वोट दिया। हक़ीक़त ये है कि जम्मू-कश्मीर में 2014 की तुलना में 1.12% कम मतदान हुआ। तब 65% वोट पड़े थे जबकि 2024 में मतदान का आँकड़ा 63.88% ही रहा।हरियाणा की जीत पर दिखाये जा रहे अति उत्साह का कारण यही है। हरियाणा की जीत को पर्दा बनाकर जम्मू-कश्मीर में आरएसएस-बीजेपी की क़रारी वैचारिक पराजय को ढँकने की कोशिश हो रही है। ग़ौर से देखिए तो लोकसभा चुनाव के बाद हुए एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच मुक़ाबला अनिर्णीत रहा है। देश का मूड समझने के लिए महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव का इंतज़ार करना होगा जहाँ हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के साथ चुनाव करवाने की हिम्मत मोदी सरकार दिखा ही नहीं पायी।

# राहुल को किसने हराया, मतदाताओं ने या कांग्रेस ने ?



आठ सितंबर को राहुल गांधी अमेरिका में टेक्सस प्रांत के डलास शहर में उन बीस-पच्चीस युवाओं के दुख-दर्द सुन रहे थे जो नौकरी-रोज़गार की तलाश में बिना काग़ज़ातों के अपार तकलीफ़ें सहते हुए 'डंकी' रूट से अमेरिका पहुँचे थे। इस दुस्साहसपूर्ण काम में उन्हें कई देशों से गुजरना पड़ा था। राहुल की डलास यात्रा सिर्फ़ एक दिन की थी और कई कार्यक्रम भी थे पर उन्हें जब इन युवाओं के संघर्षपूर्ण जीवन के बारे में पता चला तो अपनी तमाम व्यस्तताओं के बावजूद उनसे मिलने के लिए वक्त निकल लिया।

हरियाणा के युवाओं ने राहुल से अपने संघर्ष की कहानियाँ साझा की थीं और अपने गृह-राज्य में युवाओं की बेरोज़गारी की स्थिति से उन्हें अवगत कराया था। इन युवाओं से बातचीत ने राहुल को विचलित कर दिया था। भारत वापस लौटते ही वे सबसे पहले उस एक युवक के परिवार से मिलने सुबह-सुबह उसके घर करनाल पहुँच गए जो डलास में उन्हें मिला था। राहुल ने उसके परिवार के साथ काफ़ी समय बिताया और वीडियो कॉल के ज़रिए अपनी मौजूदगी में उसकी परिवार के लोगों से बात करवाई।

राहुल की डलास यात्रा और करनाल में परिवारजनों से हुई बातचीत का तेरह मिनट का 'डंकी' नाम का वीडियो हरियाणा में काफ़ी चर्चित हुआ। अपनी चुनावी सभाओं में भी राहुल ने युवाओं की बेरोज़गारी का ज़िक्र किया और बताया भाजपा सरकार की ग़लत नीतियों के चलते किस तरह युवाओं को अवैध तरीक़ों से विदेशों का रुख़ करना पड़ रहा है।'डंकी' का जगह-जगह प्रदर्शन भी हुआ।हरियाणा के मतदाताओं ने 'डंकी' देखी, अपने बेटों के कष्टों को समझा। देश ने भी देखी। इसके ज़रिए राहुल की 'भारत जोड़ो यात्रा' के मर्म को और गहराई से समझा। हरियाणा के वोटरों ने यह भी समझा कि उनके जवान बच्चे इसी तरह घर छोड़ते रहे तो राज्य में एक दिन सिर्फ़ बूढ़े और बंजर होते खेत ही बच जाएँगे जिन्हें अडानी जैसा कोई पूँजीपति ख़रीद लेगा और उन पर अनाज जमा करने के गोदाम या मॉल बना देगा।राहुल की 'डंकी' को सबने देखा अगर कोई नहीं देख पाया तो वे हरियाणा कांग्रेस के महत्वाकांक्षी बूढ़े नेता और नेत्रियां थीं जिनके बेटे-बेटियाँ राजनीति के रोज़गार में ही फल-फूल रहे हैं, जिन्हें डंकी रास्तों से विदेश जाने की कभी ज़रूरत ही नहीं पड़ी।

'एग्जिट पोल्स' के फ़र्ज़ी आँकड़ों ने इनकी बूढ़ी महत्वाकांक्षाओं में जवानी के चार चाँद लगा दिए थे। राहुल सात सितंबर को डलास में हरियाणा के युवाओं की आँखों में उम्मीदों का काजल रोपने पहुँचे थे। आठ अक्टूबर को वही काजल पराजय का कालिख बनकर कांग्रेस के चेहरे पर फैल गया। क्या कांग्रेस के नेता ही नहीं चाहते थे कि राहुल के ज़रिए हरियाणा का भाग्य बदल पाए या फिर हरियाणा के मतदाता नहीं चाहते थे कि 'डंकी' रास्तों से विदेशों में संघर्ष कर रहे उनके बेटे वापस लौटें और नए युवा अपने परिवारों को इस तरह से छोड़कर नहीं जाएँ?कोई एक बात तो सच होना चाहिये! जवाब सिर्फ़ राहुल दे सकते हैं! मोदी चाहे चौथी बार दिल्ली की सत्ता में नहीं आ पाएँ, यही कांग्रेस बनी रही तो भाजपा हरियाणा में ज़रूर आ जाएगी!

# जबलपुर के कुख्यात बदमाश बल्लू उर्फ फिरोज खान को कटनी पुलिस ने ढाबे से किया गिरफ्तार, स्मैक और हथियार बरामद



**सुनील यादव । सिटी चीफ ।**
कटनी, कटनी जिले के एन के जे थाना क्षेत्र स्थित एक ढाबे में कमर में देशी पिस्टल रख खाना खा रहे एक बदमाश को पुलिस ने अरेस्ट किया है जिसके पास से 8 ग्राम लगभग स्मैक के साथ दो जिंदा कारतूस जब्त की गई है। अरेस्ट हुआ यह आरोपी जबलपुर का कुख्यात बदमाश है।

कटनी जिले के एसपी अभिजीत रंजन ने बताया की कई दिनो से बल्लू उर्फ फिरोज खान की तलाश कटनी पुलिस को थी और कल रात्रि मुखबिरों से सूचना मिली की एक युवक एन के जे थाना क्षेत्र एक ढाबे में कमर पर एक देशी पिस्टल रखे खाना खा रहा है, जिस सूचना पर पुलिस ने तुरंत ही इस कुख्यात आरोपी को धर दबोचा और उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 8 ग्राम करीब स्मैक के साथ दो जिंदा कारतूस भी जब्त हुए है। कटनी एसपी अभिजीत रंजन ने यह भी बताया की रंगनाथ थाना क्षेत्र में हुए बम बाजी में भी यह आरोपी शामिल था और पूर्व में अरेस्ट हो चुके रंगदारी मांगने वाले आरोपियों से इसका संबंध था। साथ ही इस कुख्यात आरोपी के खिलाफ कटनी सहित जबलपुर में दो गंभीर मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर कोर्ट में पेश किया है।

# आधार कार्ड विवाद पर बोले विधायक संजय पाठक

## मध्यप्रदेश सरकार के लिए जनता की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता



**सुनील यादव । सिटी चीफ ।**
कटनी, कटनी जिले के विजयराघवगढ़ विधायक और पूर्व मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता संजय सत्येंद्र पाठक ने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार जन जन की सुरक्षा के किये सशक्त और सक्षम है। विपक्ष विशेष तौर पर कांग्रेस को इसे लेकर चिंता करने की कोई जरूरत नहीं। हर व्यक्ति की सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी सरकार और प्रशासनिक तंत्र पुलिस तथा अन्य सुरक्षा तंत्र की है जो वह बखूबी निभा रहे हैं। दरअसल संजय पाठक ने यह बात आज मीडियाकर्मियो से बात करते हुए इसलिए कहीं क्योंकि आधार कार्ड में संजय पाठक के पता बदलने को लेकर कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने चिंता जताते टिप्पणी की थी। आधार कार्ड में संजय पाठक के पता बदलने को लेकर कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता द्वारा चिंता जताने वालों टिप्पणी के मामले में संजय पाठक ने कहा कि मेरे आधार कार्ड में पता बदलने को लेकर जैसे ही जानकारी सामने आई पुलिस ने इस पूरे मामले की जांच करते हुए पता बदलने या इस षड्यंत्र में शामिल लोगों की जानकारी हासिल कर ली। जल्द ही कानून के अनुसार कारवाई की जाएगी। चूंकि मैं एक जिम्मेदार नागरिक होने और जनप्रतिनिधि होने के कारण इस मामले पर गम्भीर हुआ। चूँकि मेरे खिलाफ पूर्व में ऐसे षड्यंत्र किए जा चुके हैं लिहाजा आधार कार्ड में पता बदलने के बारे में मैंने अपनी सरकार अपनी पार्टी और अपने प्रशासन को अवगत कराया ताकि मेरे साथ घटी इस घटना के बाद कोई इसका गलत उपयोग न करने पाए। साथ ही किसी और के साथ ऐसा न हो। और संज्ञान में आते ही प्रदेश से लेकर केंद्र सरकार ने इसे संजीदगी से लिया। मुझे अपनी जान का खतरा नहीं है और मैं अपनी तथा अपनी जनता की सुरक्षा के लिए स्वयं भी सक्षम हूँ। संजय पाठक ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व मुझ पर अज्ञात तत्वों द्वारा नजर रखने की बात सामने आई थी। जिसे भी मैन सरकार को अवगत कराया था। यह नजर किन कारणों से रखी जा रही थी मुझे नहीं पता किंतु इसके राजनीतिक अथवा व्यवसायिक कारण हो सकते हैं। आधार कार्ड मामले में सरकार ने जिस गति से करवाई की उससे प्रदेश के हर आम व्यक्ति को निश्चिंत रहना चाहिए। गड़बड़ करने वालों तक सरकार के हाथ पहुँचने में देर नही लगेगी और उन्हें कड़ें दण्ड से कोई नहीं बचा सकता।

# नवरात्र में ग्राम मेहरापिपरिया में वैभव पवार के आतिथ्य में आयोजित हुआ देवी जागरण कार्यक्रम

## कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों को भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष रखा



**लाकेश पंचेश्वर । सिटी चीफ ।**
लालबर्रा (सिवनी), सिवनी तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम मेहरापिपरिया में नवरात्र के पावन अवसर पर सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति बड़ चौक मेहरापिपरिया के सौजन्य से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बड़ चौक मेहरापिपरिया में रविवार 6 अक्टूबर 2024 को भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार के विशिष्ट आतिथ्य तथा थाना प्रभारी कान्हीवाड़ा ओमेश्वर ठाकरे,ग्राम सरपंच सुनैना पाटिल,ग्राम पंच एवं क्षेत्रीय ग्रामीण जनमानस की उपस्थिति में माता महाकाली देवी जागरण ग्रुप सिवनी के गायक दीपक लखेरा,गायिका कुमारी रेखा यादव सहित उनकी टीम द्वारा देवी जागरण के माध्यम से दी गई भव्य सुंदर मनमोहक प्रस्तुतियों एवं ग्राम के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई मनमोहक झाकियों के साथ सफल आयोजन संपन्न किया गया इसी कार्यक्रम के दौरान ग्राम के नन्हे मुन्हें कलाकारों द्वारा भी नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिन्हे कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं इनाम देकर पुरस्कृत किया गया।

ग्रामीणों की ओर से भाजयुमो कार्यकर्ता निलेश सोनी ने ग्रामीण समस्याओं एवं आवश्यक मांगों को भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के सामने रखा आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने पैतृक ग्राम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार के समक्ष ग्रामीण भाजयुमो कार्यकर्ता युवा निलेश सोनी द्वारा समस्त ग्रामीणों की ओर से ग्राम मेहरा पिपरिया हेतु जनोपयोगी अधूरी विकास मांगो एवं आवश्यक निर्माण कार्यों जैसे मेहरापिपरिया में एक पुलिस उपचौकी,खेल मैदान,मौजूदा अस्पताल के उन्नयन,हर घर नल, प्रधानमंत्री आवास,नहरों का मरम्मतीकरण,आवश्यक सड़क निर्माण आदि की मांगों को भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के रखकर उक्त समस्याओं पर उनका ध्यान आकर्षित किया।

ग्रामीण भाजयुमो कार्यकर्ता निलेश सोनी ने वैभव पवार को बताया कि हमने इसके पहले भी कई बार अपनी मांगों के लिए सांसद,विधायक महोदय सहित जिला कलेक्टर महोदय के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत किया है लेकिन अभी तक हमारी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है उन्होंने कहा कि ग्राम से केवलारी अस्पताल की दूरी 40 किलोमीटर तथा जिला सिवनी अस्पताल की दूरी 35 किलोमीटर होने के कारण स्वास्थ्य परीक्षण की समस्या से आसपास की ग्रामीण जनता कई वर्षों से परेशानियों से जूझ रही है जिसके उपर ध्यान नहीं दिया जा रहा है ऐसे में कई सालों से परेशान ग्रामीण जनता को अतिशीघ्र विधानसभा बरघाट में जुड़ने हेतु उग्र आंदोलन का प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ सकता है।

इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंडित प्रभात शर्मा कथा व्यास संचालक महाकाल गौशाला संरक्षक गांगपुर सिवनी,अनिल पाठक भाजपा कार्यकारिणी सदस्य,विनोद रजक चेतना पैरामेडिकल कॉलेज बरघाट,पूर्व जनपद सदस्य योगेश चौधरी,डॉ खीरसिंह पटले जी,विवेक विषय भाजपा मंडल अध्यक्ष बरघाट आदि उपस्थित रहे।

# महाअष्टमी पर सरस्वती शिशु मंदिर लालबर्रा में कन्या भोज का आयोजन



**लाकेश पंचेश्वर । सिटी चीफ**
लालबर्रा, शारदेय नवरात्रि के पावन अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर, लालबर्रा में महाअष्टमी के दिन विद्यालय की कन्या छात्राओं के लिए विशेष कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय समिति के अध्यक्ष बाबूलाल सराठे,सचिव विनय हरिद्वाज,सहकोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल,जिला पंचायत सदस्य झामसिंह नागेश्वर,जनपद सदस्य हरिशंकर बनवारी (मुन्ना भैया), प्रदीप सूर्यवंशी सहित कई गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने माता रानी के स्वरूपा कन्याओं का तिलक कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उपस्थित जनों ने कन्याओं के चरण स्पर्श कर उन्हें प्रसाद, फल, और भोजन आदि करवाया ।विद्यालय समिति अध्यक्ष बाबूलाल सराठे ने इस अवसर पर कहा कि महाअष्टमी के इस पावन अवसर पर कन्या पूजन और भोज का आयोजन न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का एक प्रयास है, बल्कि यह हमें समाज में बालिकाओं के महत्व को भी याद दिलाता है ।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी संजय अग्रवाल ने कहा कि नवरात्रि के इस पवित्र समय में कन्या पूजन का आयोजन हमारे बच्चों को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण कदम है। हरिशंकर बनवारी (जनपद सदस्य) ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, प्रेम और सद्भावना का संदेश देते हैं। कन्या पूजन से हमें मातृशक्ति की महिमा का स्मरण होता है। महाअष्टमी के दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा की जाती है, जिन्हें अन्नपूर्णा का स्वरूप माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन कन्या पूजन करने से सुख, समृद्धि और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती भारती सूर्यवंशी और समस्त स्टाफगण सरोज हरिंद्रवार, पूजा रंगारे, रीता कटरे, दीपशिखा नागेश्वर, प्रमिला हटवार और उषा बघेल ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।कार्यक्रम ने धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता को भी मजबूती प्रदान की और कन्याओं के सम्मान को एक नए आयाम तक पहुँचाया।

# समाज सेवी चीनी एवं चीनी मित्र मंडली द्वारा ग्रैंड डांडिया नाइट का किया गया सफल आयोजन



**यशपाल सिंह जाट । सिटी चीफ ।**
अनूपपुर, शारदेय नवरात्र के अवसर पर चीनी मित्र मंडली आयोजन समिति एवं मास्टर ट्रेनर जूली जैन के निर्देशन एवं अनीश सिंह कोरियोग्राफर राहुल शुक्ला के मार्गदर्शन में अमलाई दुर्गा मंदिर प्रांगण में ग्रांट गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया ।गरबे में की महिलाओं एवं बच्चियों द्वारा गुजराती गीतों की धुनों हाँथों में-हॉथों में इंडिया स्टिक लिये ताल से ताल मिलाते हुये मनमोहक एवं ग्रैंड गरबे नाइट की प्रस्तुती दी गई, जिससे पूरा दुर्गा मंदिर प्रांगण भक्तिमय हो गया। गरबा महोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन समिति चीनी मित्र मंडली द्वारा गरबा स्थल पर आकर्षक लाइटिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था केपर्याप्त इंतजाम कराये गये। गरबे कार्यक्रम में लगभग 500 महिलओं एवं बच्चियों ने हिस्सा लिया। गरबे कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन करनें पर महिलाओं एवं बच्चों को आयोजन समिति पवन चीनी मित्र मंडली के द्वारा स्मृति चिन्ह व पुरूष्कृत से सम्मानित किया गया।

देवी गीतों पर दी गई डांडिया एवं गरबा की शानदार प्रस्तुतियों में थिरके प्रतिभागी गरबा महोत्सव में आस्था का सैलाब उमड़ा। इस महोत्सव में अमलाई की टीम व बुढार कॉलेज के छात्र छात्राओं के साथ सोडा फैक्ट्री समूह वर्ग पहुंचा। इस विराट गरबा महोत्सव आयोजन का शुभारंभ में मातारानी का पूजन व दीप प्रजुलन कर किया। इसके बाद मधुर देवी गीतों की प्रस्तुति दी गई ।गरबा जिसमें आकर्षक जातीय परिधान कलात्मक सहारा, कोमल और तरल चालें और ऊर्जा के गरबा नृत्य प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण रहे ।महोत्सव में भाजपा जिला अध्यक्ष रामदास पुरी, नगर परिषद बरगवां अमलाई की अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता, रामनारायण उरमलिया, रश्मि खरे ,मोना पुरी, साक्षी पुरी ,लक्ष्मी ओटवानी, सरिता सिंह ने जजेस के रूप में अपना सहयोग प्रदान किया ।गरबा महोत्सव में एक अलग ही माहौल देखने को मिला। जहां आस्था से सराबोर माहौल में जोउत्साह और उमंग देखने को मिली वह अपने आप में अनोखी थी। गरबे की थाप शुरू होते ही जो प्रतिभागियों के पैर थिरके तो फिर देर रात तक रुकने का नाम ही नहीं लिया। माता की आराधना में एक और जहां शक्ति की स्तुति हो रही थी वहीं दूसरी ओर युवा उमंग अपने पूरे जोश में दिखी। जहां लोग नए दौर में संस्कृति और संस्कारों से दूर होते जा रहे हैं वही यहा आए युवा पूरी तरह से संस्कृति और संस्कार के साथ गरवा में शामिल हुए। महोत्सव के दौरान माता काली एवं महिषासुर युद्ध का मंचन किया गया। इसके अलावा कई प्रस्तुतियां प्रतिभागियों द्वारा दी गई। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय द्विवेदी ने किया एवं आभार प्रदर्शन वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद व समाजसेवी पवन कुमार चीनी ने किया। ग्रांड गरबा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामदास पुरी तथा अतिथि गण में नगर परिषद बरगवां अमलाई की अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता, नगर पालिका धनपुरी उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल, पार्षद श्रीमती सुंदरबाई विश्वकर्मा,पार्षद अर्चना यादव, पार्षद श्रीमती प्रीति साहू, पार्षद श्रीमती श्रद्धा तिवारी, पार्षद श्रीमती रंजन सोनी, पार्षद सौरभ कोरी, सुजीत सिंह चंदेल, दौलत मनमानी, बलमीत सिंह खनूजा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के सदस्य- व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रदीप पुरी, सचिन पुरी, सुनील ओटवानी, अमरजीत सिंह, अनिल तिवारी, अजय दाहिया, अजय यादव,संजय ओटवानी,बबलू द्विवेदी,दीपक सिंह,रवि विश्वकर्मा, शालू विश्वकर्मा,मोंटी पनिका,मयंक सिंह, मयूर सिंह, निखिल सिंह, मोहित, अनिल केवट सहित चीनी एंड मित्र मंडली का पूरे कार्यक्रम में भरपूर सहयोग रहा जिसके कारण यह कार्यक्रम सफल हो सका जिसको लेकर पवन कुमार चीनी ने गरबा महोत्सव आयोजन में आए अतिथियों व अपने पूरे मित्र मंडलियों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है द्य

पार्षद एवम समाजसेवी चीनी = कार्यक्रम को सफल बनाने में आप सभी अमलाई वासियों का हार्दिक धन्यवाद आप सभी को सादर नमस्कार।

# त्योहार के समय भीड़ - भाड़ वाले इलाके में शराब पीकर वाहन चलाते दो शराबियों के विरुद्ध रामनगर पुलिस द्वारा कार्यवाही



**यशपाल सिंह जाट । सिटी चीफ**
अनुपपुर, अनुपपुर वर्तमान में नवरात्रि त्यौहार होने से थाना क्षेत्र में नवदुर्गा प्रतिमा देखने हेतु काफी मात्रा में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं जिससे क्षेत्र में काफी भीड बनी रहती है। दिनांक 10.10.2024 को काली मंदिर तिराहा राजनगर में सुरक्षा व्यवस्था डियूटी के दौरान दो मोटर सायकल चालको के द्वारा मोटरसाइकिल को लहराते हुये चलाते पाए गए थे द्य किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना पर मोटर साइकिल चालकों को रोककर चेक किया शराब पिए हुए पाए गए द्य ब्रीथ एनालाइजर मशीन से शराब की मात्रा चेक करने पर काफी मात्रा में शराब का सेवन किए हुए पाए जाने पर दोनों व्यक्तियों (01) - राकेश कुमार बर्मन पिता वीरसाय बर्मन उम्र 25 वर्ष निवासी देवडांड थाना मरवाही जिला जीपीएम (छग) एवं (02) - प्रदीप चौधरी पिता बलराम चौधरी उम्र 31 वर्ष, निवासी रगटा थाना मरवाही जिला जीपीएम (छग) की मोटर सायकल हीरो होण्डा वाहन क्र0 CG 10 EP 9498 तथा टीव्हीएस स्टार वाहन क्र0 CG 31 B 1965 को जप्त कर दोनों शराबियों के विरूद्ध धारा 185,129/194 (छ), 130/177(3) एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही कर दोनों मोटरसाइकिल को थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है द्य

उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी रामनगर निरीक्षक अमर वर्मा के कुशल नेतृत्व में सउनिश वेद प्रकाश सिहं, प्रआरश योगेन्द्र मिश्रा, आरश राहुल प्रजापति, आरश अनुराग भार्गव का सराहनीय योगदान रहा।

# डॉ. राहुल गौतम सहपत्नीक दीक्षांत समारोह में सम्मानित




**लाकेश पंचेश्वर । सिटी चीफ ।**
लालबर्रा, शीत ऋतु के आगमन के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पराली जलाने से उत्पन्न प्रदूषण चिंता का विषय बन जाता है। इसी समस्या के समाधान पर शोध करते हुए लालबर्रा के युवा राहुल गौतम ने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर से पीएचडी पूरी की और अपने नाम के आगे डॉ. लगाने में सफलता प्राप्त की ।जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के 17वें दीक्षांत समारोह में,मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राहुल गौतम को उपाधि प्रदान की। इस अवसर पर राहुल की पत्नी प्राची गौतम को भी अपनी उपाधि प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ। राहुल ने पारंपरिक भारतीय परिधान और केसरिया पगड़ी धारण कर अपनी उपाधि ग्रहण की,जबकि प्राची ने सफेद सलवार सूट और जैकेट के साथ पीली पगड़ी (साफा) पहनकर सम्मान प्राप्त किया। राहुल एवं बहू को उपाधि प्राप्त करते देखने के लिए उनके माता-पिता एवं अन्य रिश्तेदार भी दीक्षांत समारोह में उपस्थित रहे। राहुल गौतम, जो जनपद पंचायत लालबर्रा में लेखाधिकारी के पद पर पदस्थ यशवंतराय गौतम के पुत्र हैं, ने कृषि इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। उनके शोध का विषय फसलों के अवशेष प्रबंधन, गेहूं की समय पर बुआई, और पराली जलाने की रोकथाम पर आधारित था। उनके शोध का उद्देश्य पराली प्रबंधन के माध्यम से प्रदूषण कम करने और कृषि उत्पादन में सुधार लाना था ।यह दीक्षांत समारोह सरदार वल्लभभाई पटेल ऑडिटोरियम, कृषि महाविद्यालय, जबलपुर में आयोजित किया गया था। समारोह की अध्यक्षता मध्य प्रदेश के माननीय राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मंगुभाई पटेल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश सरकार के किसान कल्याण और कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना उपस्थित रहे ।डॉ. राहुल गौतम को राज्यपाल के हाथों उपाधि प्राप्त होने पर उनके परिवार, मित्रों और क्षेत्र के लोगों में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

# कोतमा नगर में जगह जगह हुआ माता जी का पूजन अर्चन

## लगाई गई एक से एक मनमोहक झाकियां

**सुशील सोनी | सिटी चीफ**

अनुपपुर, श्री सर्वशक्ति दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा कन्या भोज खिलाया, जोगी सोनी मनीष सोनी जमुना सोनी गणेश कुशवाहा रवि कुशवाहा छोटू दीपेश सोनी मुकेश सोनी सोनी राजा शिवहरे अमित सोनी आशीष गौतम सागर दुबे जय सिंधु भंड भंडारी का प्रसाद वितरण किया गया । इसी कड़ी में पूरे कोतमा नगर में जगह जगह भंडारे का हुआ आयोजन जिसमे पूड़ी सब्जी हलवा इत्यादि परसाद का वितरण जारी रहा।। लगभग तीन लाख लोग माता रानी के दर्शन पूजन अर्चन झाकियों का दर्शन करते हुए।

कोतमा नगर में करीब पांच से छह जगह माता जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजन अर्चन किया जा रहा है माता रानी के दर्शन एवम भंडारा प्रसाद पाने हेतु भक्तो का जनसैलाब उमड़ पड़ा है, कोतमा नगर की सड़के भक्तो से भरी पड़ी हैं।








# शक्ति अभिनंदन अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पुलिस थाने में किया शक्ति संवाद

**सुशिल सोनी । सिटी चीफ।**

चचाई । अनूपपुर, राज्य शासन द्वारा महिला नेतृत्व आधारित विकास, महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर केन्द्रित विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का निरंतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस कड़ी में महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के प्रति जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से सम्पूर्ण प्रदेश में 2 से 11 अक्टूबर तक शक्ति अभिनंदन अभियान'' चलाया जा रहा है जिसके तहत शुक्रवार 11 अक्टूबर को ग्राम पंचायत कैल्होरी आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 6 की कार्यकर्ता श्रीमती निर्मला से चंदेल के नेतृत्व में पंचायत के समस्त आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं हुआ एएनएम के द्वारा चचाई थाने पहुंचकर शक्ति संवाद किया गया जहां उन्होंने निर्भीक होकर अपनी बात रखते हुए महिलाओं व बालिकाओं को हर पल अपने सम्मान के प्रति आवाज बुलंद कर जागरू रहने हेतु प्रेरित किया। अभियान में महिलाओं ने आगे आकर सहभागिता निभाई।

**महिलाओं एवं बालिकाओं को समझना होगा** शक्ति अभिनंदन अभियान अंतर्गत शुक्रवार को चढ़ाई थाने पहुंचीं महिला एवं बाल विकास विभाग के




आंगनवाड़ी की कार्यकर्ताओं के द्वारा शक्ति संवाद अंतर्गत कहा गया कि वर्तमान समय में बालिकाओं और महिलाओं को साइबर सिक्योरिटी एवं सोशल मीडिया सिक्योरिटी के मामले में विशेष रूप से जागरुक रहना होगा । क्योंकि वर्तमान परिदृश्य में समाज में बच्चों व स्टूडेंट्स के सामने सोशल मीडिया पर बहुत सी ऐसी चीजें आती हैं जिसे वह समझ नहीं पाते इसलिए सबको मिलकर उनमें इतनी समझ विकसित करनी होगी कि वे यह समझ पाएं कि सोशल मीडिया के माध्यम से उनके सामने आ जानकारी, फोटो व वीडियो देखने चाहिए की नही।

**शक्ति संवाद कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित** थाना चचाई में शुक्रवार 11 अक्टूबर को महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा शक्ति संवाद कार्यक्रम में प्रमुख रूप से थाने के सहायक उप निरीक्षक कमलेश सिंह चौहान,प्रधान आरक्षक ग्राम पंचायत कैलोरी के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 6 की कार्यकर्ता श्रीमती निर्मला सिंह चन्देल केंद्र क्रमांक 5 की कार्यकर्ता सत्य गर्ग केंद्र क्रमांक 7 की कार्यकर्ता सुनीता त्रिपाठी एवं आशा कार्यकर्ता सरोज श्रीवास और आंगनवाड़ी सहायिका मधु ताम्रकार,शीतला,रामा सोनी,एवं सुशीला राठौर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# रंगारंग आतिशबाजी के साथ आज किया जाएगा

**75 फीट ऊंचे रावण का दहन**

शाजापुर, दशहरे का त्यौहार शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा और स्टेडियम ग्राउंड पर पारंपरिक ढंग से रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसके पूर्व शाम करीब 4 बजे वजीरपुरा स्थित श्रीकृष्ण व्यायामशाला से भगवान श्रीराम की शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली जाएगी जो स्टेडियम ग्राउंड पर पहुंचेगी जहां 75 फीट ऊंचे रावण का दहन किया जाएगा। रावण दहन के पूर्व रंगारंग आतिशबाजी की जाएगी। साथ ही कार्यक्रम के दौरान आमंत्रित अतिथियों के द्वारा शमी के पेड़ की पूजा की जाएगी और इसके बाद रावण का दहन होगा।

**स्टेडियम पर लगाए बेरिकेड्स**

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहर में दशहरा का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसके चलते स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड पर हजारों लोगों का हुजूम अहंकारी रावण के दहन को देखने के लिए जमा होगा। रावण दहन के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था न फैले इसको लेकर प्रशासन द्वारा रावण के पुतला और सभा स्थल के आसपास



बेरिकेड्स लगाए गए हैं। बेरिकेड्स लगाने से सभा और रावण दहन का आयोजन बिना किसी असुविधा के आसानी से किया जा सकेगा। वहीं इस बार रावण का लूक पूरी तरह से अलग दिखाई दे रहा है। उज्जैन के कलाकारों ने रावण के चेहरे को नया स्वरूप देने के साथ ही पुतले को राजस्थानी वेशभूषा में तैयार किया है जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है।

# पूर्णाहुति के साथ हुआ नवरात्रि पर्व का समापन...मां भवानी को दी विदाई

शाजापुर, नवरात्रि पर्व का पूर्णाहुति के साथ शुक्रवार को समापन हुआ। इस दिन मां आदिशक्ति की आराधना के लिए अलुसबह से लेकर देररात तक शहर के देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही। नौ दिवसीय नवरात्रि के समापन पर मां के नौवे स्वरूप सिद्धीदात्रि की पूजा की गई और शहर के प्रसिद्ध मां राजराजेश्वरी मंदिर में यज्ञ में पूर्णाहुति डाली गई। उल्लेखनीय है कि 03 अक्टूबर से मां भवानी की भक्ति का पर्व शारदीय नवरात्रि शुरू हुआ था और भक्त मां को मनाने के लिए तरह-तरह के जतन भी कर रहे थे। इसीके चलते किसी ने मन्नत के चलते नंगे पैर रहकर अपनी आस्था का परिचय दिया तो किसी ने उपवास रहकर मां की भक्ति कर आराधना की। वहीं नवरात्रि के समापन पर नगर के दुपाड़ा रोड स्थित चामुंडा माता, कसेरा बाजार स्थित रूपामाता, बिजासन माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में



मां का आकर्षक श्रृंगार किया गया।

**मंदिर में उमड़ी आस्था की भीड़**

नवरात्रि के आखिरी दिन नवमी पर शहर के सभी देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ दर्शन-पूजन के लिए उमड़ पड़ी। इस दौरान शहर के प्रसिद्ध मां राजराजेश्वरी माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में भक्तों का अल सुबह से लेकर देररात तक तांता लगा रहा। मंदिरों में मां की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया और भक्तों ने मंदिर में हवन पूजन कर सुख और समृद्धि की कामना की। उल्लेखनीय है कि शहर में लगभग 100 से अधिक स्थानों पर विद्युत से सुसज्जित पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित कर आराधना की जा रही थी, जिसका नवरात्रि के साथ समापन हो गया है। नवरात्रि के समापन पर कई लोगों ने मां भवानी की प्रतिमा को विसर्जित किया। जबकि आज शनिवार को पंडालों में विराजी सभी देवी प्रतिमाएं विधि-विधान के साथ विसर्जित की जाएंगी।

# डीएम-एसएसपी ने दारुल उलूम देवबंद पहुंचकर जिम्मेदारों से मुलाकात की और देशभर में आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील करने का आह्वान किया

**गौरव सिंघल | सिटी चीफ |**

देवबंद (सहारनपुर), महंत यति नरसिंहानंद की मोहम्मद साहब पर की गई टिप्पणी के बाद देशभर में उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी के मद्देनजर जिलाधिकारी सहारनपुर मनीष बंसल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर रोहित सिंह सजवाण इस्लामी तालीम के प्रमुख केंद्र दारुल उलूम पहुंचे। जहां उन्होंने यहां के जिम्मेदारों से मुलाकात की और देशभर में आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील करने का आह्वान किया। सहारनपुर जनपद में तैनाती के बाद दोनों आला अधिकारी पहली बार दारुल उलूम देवबंद पहुंचे। दारूल उलूम पहुंचने पर संस्था के पदाधिकारियों ने गर्मजोशी से डीएम-एसएसपी का स्वागत किया। डीएम मनीष बंसल और एसएसपी रोहित सिंह सजवाण संस्था के मेहमानखाने में जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष व सदर मुदर्रिस मौलाना अरशद मदनी, नायब मोहतमिम मौलाना अब्दुल खालिक मद्रासी और मजलिस-ए-शूरा के सदस्य मौलाना अनवारुल रहमान बिजनौरी से मिले। इस दौरान उन्होंने संस्था के इतिहास, यहां दी जानी वाली शिक्षा और छात्रों के रहन सहन के बारे में जानकारी ली। जिम्मेदारों ने उन्हें बताया कि संस्था और देवबंदी उलमा का मुल्क की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान रहा। डीएम मनीष बंसल और एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने उलमा से मुल्क के हालात के मद्देनजर देशभर में आपसी सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने की अपील करने का आह्वान किया। इस मौके पर एसडीएम देवबंद अंकुर वर्मा, सीओ देवबंद रविकांत पराशर, देवबंद कोतवाली



प्रभारी संजीव कुमार,संस्था के उस्ताद मौलाना सलमान बिजनौरी, मौलाना शहजाद, मौलाना खिजर मोहम्मद कश्मीरी, समाजसेवी मौलाना फरीद मजाहिरी मौजूद रहे।

# जिले में 2 लाख रुपए से अधिक की अवैध मदिरा जप्त



**भगवान दास बैरागी | सिटी चीफ** | शाजापुर, अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिले के सलसलाई थाना क्षेत्र के पंपापुर कंजर डेरे पर आबकारी एवं पुलिस बल द्वारा शुक्रवार अल सुबह कार्रवाई कर मप्र आबकारी अधिनियम की धारा के तहत 03 प्रकरण दर्ज किए गए। इस कार्रवाई में 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 2200 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर मौके पर विधिवत सैंपल लेकर नष्ट किया गया। जप्त अवैध मदिरा का अनुमानित मूल्य 221500 रुपए है। जिला आबकारी अधिकारी निधि जैन ने बताया कि अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई निरन्तर जारी रहेगी।

# किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा

**गौरव सिंघल | सिटी चीफ |**

देवबंद (सहारनपुर), भारतीय किसान यूनियन (किसान जनशक्ति) की बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक के बाद किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भी भेजा। बैठक में कहा गया कि किसानों को उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य तो दूर लागत मूल्य तक नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में इस बार गन्ने का भाव कम से कम 500 रुपये घोषित होना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न मांगें उठाई। बाद में किसानों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में चीनी मिलों से 14 दिनों में गन्ना भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने, घटतौली पर अंकुश लगाने, पेयजल आपूर्ति को लगाई गई टंकियों के निर्माण के दौरान तोड़ी गई सडक़ों को दुरुस्त कराने, किसानों और मजदूरों के बकाया बिजली के बिल माफ करने और वसूली के नाम पर किए जाने वाले किसानों के उत्पीडन को रोके जाने, बेसहारा पशुओं से फसल को होने वाले नुकसान पर अंकुश लगाने और इन पशुओं को गौशाला में भिजवाए जाने की मांग की गई। इस दौरान विनय त्यागी, विजय त्यागी, महेंद्र कुमार, अमरीश, रईस, वरिष्ठ त्यागी, अजय त्यागी, धनंजय त्यागी, उमेश त्यागी, लोकेश त्यागी, समर्श त्यागी और आदित्य आदि मौजूद रहे।



# डीएम-एसएसपी ने महानवमी पर माँ शाकुम्भरी देवी मेला परिसर का भ्रमण किया

**दोनो अधिकारियों ने माँ शाकुम्भरी देवी के दर्शन कर पूजा-अर्चना करने के बाद जनपदवासियों को महानवमी की शुभकामनाएं दी**

**डीएम ने मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सुरक्षा में तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये**



**गौरव सिंघल | सिटी चीफ**

देवबंद (सहारनपुर)। जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने महानवमी के अवसर पर माँ शाकुम्भरी देवी मेला परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने माँ शाकुम्भरी देवी के दर्शन कर पूजा–अर्चना करने के बाद जनपदवासियों को महानवमी की शुभकामनाएं दी। डीएम मनीष बंसल ने आमजन के सहायतार्थ बनाये गये कन्ट्रोल रूम, मिशन शक्ति, पिंक बूथ और मेडिकल चैकअप कैम्प का निरीक्षण भी किया एवं मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सुरक्षा में तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

# राम जानकी लीला मंचन समिति के तत्वावधान में आयोजित हुआ रामलीला

## हनुमान जी द्वारा सुंदर लीला प्रस्तुत की गई व श्री राम-रावण के युद्ध की लीला का मंचन किया गया



**गौरव सिंघल | सिटी चीफ |**

देवबंद (सहारनपुर), श्री राम जानकी लीला मंचन समिति के तत्वावधान में बीती रात श्री रामलीला का सुंदर मंचन किया गया। जिसमें हनुमान जी द्वारा सुंदर लीला प्रस्तुत की गई और अहिरावण का वध व श्री राम–रावण के युद्ध की सुंदर लीला का मंचन किया गया। रामलीला में पूर्व सांसद राघव लखन पाल शर्मा का आगमन हुआ। समिति के पदाधिकारियों ने पटका , और मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद राघव लखन पाल शर्मा ने कहा की श्री राम हमारे आदर्श है। श्री राम प्रभु की लीलाएं हम सभी को सिखाती है कि हमारे धर्म पर आंच नहीं आनी चाहिए। उन्होंने सुंदर अभिनय देखकर कलाकारों का उत्साह वर्धन भी किया।

कमेटी के अध्यक्ष लक्की वर्मा ने कहा कि हमें लीला देखने आए श्रद्धालुओं का अपार स्नेह मिल रहा है और सभी प्रभु श्री राम की लीलाओं का आनंद ले रहे है। निर्देशक नरेश शर्मा व सभी कलाकार बहुत सुंदर अभिनय कर रहे है। इस अवसर पर श्री निवास त्यागी, वैभव गर्ग, आलोक खटीक, ऋषि कपूर, दिनेश ऋषि, मनोज राणा, देवपाल राणा, सुमन धीमान, विपिन गर्ग, अश्वनी सिंघल, लवली सूरी, बलदीप सिंह, मनोज बंसल, संजय सलूजा, मनोज शर्मा, मोहित कश्यप, अभिनव गोयल, नरेश प्रधान, आनंद वर्मा, अजय सिंघल, बालेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जिले में विजयादशमी- दशहरा एवं प्रतिमा विसर्जन के लिए लगाई गई अधिकारियों की ड्यूटी

**नरसिंहपुर**

जिले में विजयादशमी (दशहरा) एवं नौ दुर्गा उत्सव उपरांत जिले में स्थित देवी प्रतिमाओं का नर्मदा तटों, तालाब, नदियों पर बनाये गये कुंडों में विसर्जन किया जावेगा। इसके लिए कानून एवं व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए अनुविभागीय दंडाधिकारियों द्वारा अपने– अपने क्षेत्र में निर्मित कुंडों पर कार्यपालिका दंडाधिकारियों की लगाई जावेगी। उक्त कार्यपालिक दंडाधिकारियों के सहयोग के लिए जिला दंडाधिकारी के आदेशानुसार अपर जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर ने जिला अथवा ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की अनुविभाग में ड्यूटी लगाने का आदेश जारी किया है। नरसिंहपुर अनुविभाग के अंतर्गत तहत कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण भ/ स नरसिंहपुर श्री अरविंद किट्हा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी करेली श्री मुकेश कुमार नेमा, अनुविभागीय अधिकारी पीडब्ल्यूडी नरसिंहपुर श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, सीडीओपी करेली श्री आदित्य कुमार पटेल व सीडीपीओ नरसिंहपुर पुष्पा मदकोरिया की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह गाडरवारा अनुविभाग के अंतर्गत जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण नरसिंहपुर श्री सुनील मरकाम, विकासखंड शिक्षा अधिकारी चांवरपाठा श्री पंचम सिंह मरावी, उप संचालक पशु पालन डेयरी बाबई चीचली श्री एमके खान, विकासखंड शिक्षा अधिकारी चीचली श्री डीके पटेल, अनुविभागीय अधिकारी पीडब्ल्यूडी सांईखेड़ा श्री सागर पटैल, सीडीपीओ गाडरवारा श्रेया मिश्रा व सीडीपीओ सांईखेड़ा श्रीमती उमा बर्मन की ड्यूटी लगाई गई है। गोटेगांव अनुविभाग के अंतर्गत विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोटेगांव श्री जशवंत पटैल, अनुविभागीय अधिकारी पीडब्ल्यूडी गोटेगांव श्री अर्णव कुमार गुहा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर श्री ओपी राय, प्रभारी उप आयुक्त सहकारिता विभाग नरसिंहपुर श्री राजेन्द्र सिंह व सीडीपीओ गोटेगांव श्रीमती रश्मि बोहरे की ड्यूटी लगाई गई है। तेंदूखेड़ा अनुविभाग के अंतर्गत प्राचार्य महिला पॉलीटेक्निक अधिकारी नरसिंहपुर श्री बीएम बघेल, जिला विपणन अधिकारी नरसिंहपुर श्री मन्नुलाल कुसरे, ईई पीएचई नरसिंहपुर श्री आरएस ठाकुर, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी तेंदूखेड़ा श्री रामनारायण दीक्षित व सीडीपीओ चांवरपाठा श्री राजेश्वरी मेहरा की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त अधिकारीगणों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने- अपने अनुविभागीय दंडाधिकारियों तथा निर्धारित घाट व कुंडों पर कार्य करेंगे और उनके लगातार सम्पर्क में रहेंगे।

# कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने विसर्जन घाटों का किया निरीक्षण, दिए



**भोपाल**

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने आज भोपाल के विभिन्न विसर्जन घाटों का निरीक्षण किया और वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने घाटों पर सुरक्षा, साफ–सफाई, रोशनी, और तैराक दल की समुचित व्यवस्था के लिए प्रशासन और नगर निगम को सख्त निर्देश दिए हैं। इस दौरान, ईटखेड़ी विसर्जन घाट की विशेष देखरेख के लिए सीईओ जिला पंचायत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही नगर निगम को भी घाटों पर व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे विसर्जन के समय किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभाग समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूरी कर लें और यह सुनिश्चित करें कि घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विसर्जन के समय सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई, जिससे शहर में स्वच्छता और सुरक्षित वातावरण बना रहे। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे नियमित रूप से निरीक्षण करते रहें और सुनिश्चित करें कि सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से चल रही हैं।

# कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने नवरात्रि पर्व के अवसर पर विसर्जन कुण्डों का निरीक्षण



मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शुक्रवार को मां दुर्गा जी की प्रतिमा विसर्जन के लिए नावघाट और संगमघाट में बने विसर्जन कुंडों का अवलोकन किया। उन्होंने विसर्जन कुण्डों में प्रतिमाओं का विसर्जन प्रशिक्षित तैराकों के माध्यम से ही कराने के निर्देश दिए। जिससे प्रतिमाओं का विसर्जन सुरक्षित तरीके से संपन्न कराया जा सके। विसर्जन के दौरान कुंड में सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि विसर्जन कुंड के समीप किसी भी व्यक्ति को जाने की अनुमति न दें। किसी भी प्रतिमा का विसर्जन नर्मदा नदी या अन्य नदियों में नही किया जा सकेगा। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने विसर्जन कुंड स्थल में लाईट का समुचित प्रबंध और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे। उन्होंने कहा कि पूजन सामग्री को एकत्रित करने के लिए पृथक से व्यवस्था की जाए। विसर्जन कुंड में पूजन सामग्री विसर्जित न किया जाए। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि प्रतिमाओं का विसर्जन प्रशिक्षित स्टॉफ के द्वारा ही संपन्न कराया जाए। विसर्जन कुंड के चारो ओर बेरीकेट का निर्माण करें और उक्त बेरीकेट के अंदर किसी भी व्यक्ति को न आने दें। उन्होंने विसर्जन स्थलों पर प्रशिक्षित गोताखोरों को तैनात रखने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, मंडला एसडीएम सोनल सिडाम, नगरपालिका सीएमओ गजानंद नाफड़े सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट के एवज में राशि मांगने वाले डॉ दीपक दुबे की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच दल का गठन

**सागर**

**जांच दल को सात दिवस में देना होगा जवाब**



डॉ दीपक दुबे चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केसली के पोस्टमार्टम रिपोर्ट के एवज में राशि मांगने के प्रकरण की जांच करने के लिए कलेक्टर श्री संदीप जी आर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर ममता तिमोरी के द्वारा तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया है। गठित जांच दल उक्त प्रकरण की जांच कर 7 दिवस में अपना जवाब प्रस्तुत करेगा। जांच दल में डॉ. जे.एस. धाकड़ डी.एच.ओ 1 स्थानीय कार्यालय सागर, डॉ. जी.पी. आर्य डी. एच.ओ.–3 स्थानीय कार्यालय सागर एवं डॉ. विपिन खटीक अर्बन नोडल अधिकारी जिला सागर को शामिल किया गया है। डॉक्टर दीपक दुबे चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केसली के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होने के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री देवेन्द्र सिंह ठाकुर के द्वारा अवगत कराया गया था, कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केसली जिला सागर में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक दुबे के द्वारा द्वारा सर्प के काटने से मृतक स्व.श्री धनसींग यादव उम्र 70 वर्ष के, पोते श्री रोहित यादव से पोस्टमार्टम रिपोर्ट देने के एवज मे मृतक के परिजनों को मिलने वाली सहायता रात्रि 4 लाख रूपये की 10 प्रतिशत राशि यानी 40 हजार रुपए की मांग की गई एवं राशि न देने की स्थिति में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सर्प के काटने से मृत्यु का उल्लेख न कर नार्मल रिपोर्ट थाना में भेजने को कहा गया। राशि न देने के कारण डॉ दुबे के द्वारा मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सर्प काटने से मृत्यु होना न लिख कर नार्मल मृत्यु की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उक्त के संबंध मे मृतक के पोते श्री रोहित यादव के द्वारा पुलिस थाना केसली में डॉ दीपक दुबे के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। उक्त प्रकरण में जांच हेतु जांच दल का गठन किया गया है एवं जांच दल को निर्देशित किया गया है कि उक्त प्रकरण की जांच कर प्रतिवेदन 7 दिवस के अंदर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

# पेंशन शिविर का आयोजन 21 से 25 अक्टूबर तक

**सीधी**

म.प्र. सिविल सेवा (पेंशन) नियम– 1976 के नियम 49 से लेकर 60 में दिये गये प्रावधानों अनुसार सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों की तैयारी सेवा निवृत्त के दो वर्ष से पूर्व की जाकर छः माह पूर्व कार्यालय प्रमुख द्वारा पेंशन प्रकरण तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि दिनांक 30.09.2024 तक सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण निराकरण हेतु पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण हेतु पेंशन शाखा लिपिक के साथ जिला पेंशन कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि पेंशन शिविर में पेंशन प्रकरण निराकरण नहीं कराये जाने की स्थिति में जिला पेंशन अधिकारी के प्रतिवेदन के अनुसार संबंधित अधिकारियों का माह अक्टूबर 2024 का वेतन रोका जावेगा। उल्लेखनीय है कि दिनांक 21.10.2024 से 25.10.2024 तक पेंशन शिविर का आयोजन पेंशन कार्यालय सीधी में किया गया है। पेंशन शिविर के शाखा प्रभारी त्रिवेणी दास कोल सहायक पेंशन अधिकारी होंगे। जिन कार्यालय प्रमुखों द्वारा पेंशन प्रकरण तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय में जमा किया गया है

# सेठानी घाट पर चलाया गया बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान

**नर्मदापुरम**




कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास व अन्य विभागों के संयुक्त दल के द्वारा बाल भिक्षावृती रोकथाम हेतु सर्च अभियान चलाया गया। दल में प्रमोद गौर परियोजना अधिकारी म बा वि नर्मदापुरम, श्रम निरीक्षक सुश्री सरिता साहू, पुलिस विभाग से हेड कांस्टेबल श्री राजेश जैन, समग्र सुरक्षा अधिकारी श्री जयंत यादव, शिक्षा विभाग से प्राचार्य श्री संदीप शुक्ला, सत्यार्थी फाउंडेशन से श्री सचिन, पर्यवेक्षक लता नागराज, नगरपालिका से वार्ड प्रभारी श्री मनोहर सराठे व श्री राजेश दीवान व संबंधित क्षेत्र की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। ज्ञातव्य है कि संचालनालय महिला एवं बाल विकास के आदेशानुसार 11 श्रष्ह्र 2024 से 31श्रष्ह्र 2024 तक बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के सफल संचालन हेतु ए डी एम श्री डी के सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती बबिता राठौर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ललित डेहरिया द्वारा जिले के सभी विकासखंडों में बाल भिक्षावृती रोकथाम दलों की बैठक दिनांक 10/10/24 को लेकर विस्तृत निर्देश भी दिये गए थे। इसी तारतम्य में दिनांक 11.10.24 को सेठानी घाट पर बाल भिक्षावृती रोकथाम दल द्वारा जब सर्च अभियान चलाया गया, जिसमें ग्राम अमलनेर जिला जलगांव महाराष्ट्र निवासी दो परिवार अपने बच्चों के साथ घाट पर भिक्षावृत्ति करते पाए गए । परिवार को समझाइश देकर उनके गृह जिला भेजा गया।

# विजयदशमी पर आयोजित दशहरा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा

**विदिशा**



कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला ने आज संयुक्त रूप से विदिशा जिला मुख्यालय पर विजयदशमी पर आयोजित दशहरा कार्यक्रम पर किए जा रहे प्रबंधों का स्थलीय भ्रमण कर जायजा लिया है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी एसएसएल जैन कॉलेज परिसर में दशहरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने पूर्व वर्षों की भांति आयोजन के मद्देनजर किए जाने वाले प्रबंधों की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराते हुए संबंधितों को निर्देशित किया है कि गत वर्ष आयोजन में जो कमियाँ परिलक्षित हुई हैं वे इस वर्ष पुनः दोहराई ना जाएं का विशेष ध्यान रखा जाए। पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ला ने विजयदशमी दशहरा चल समारोह जैन कॉलेज परिसर में पहुंचने पर किए जाने वाले प्रबंधों, सुरक्षा व्यवस्थाओं के ध्यानगत रखते हुए किए जाने वाले प्रबंधों तथा आतिशबाजी के दरमियान बरती जाने वाली सावधानियां, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों सहित अन्य के लिए आयोजन स्थल पर बैठने हेतु किए जाने वाले प्रबंधों तथा कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत वापसी के लिए निर्धारित मार्गों सहित सम्पूर्ण परिसर में रौशनी के लिए किए जाने वाले प्रबंधों, सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा, सीएसपी श्री अतुल कुमार सिंह के अलावा लोक निर्माण विभाग, उर्जा विभाग, नगर पालिका समेत विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी, कर्मचारियों के अलावा श्रीराम मेला समिति के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक व मीडियाकर्मी मौजूद रहे।

### इजरायल ने हिजबुल्लाह का वरिष्ठ एंटी

# टैंक कमांडर अल शोगा भी मार गिराया; हमले में आठ मंजिला इमारत ध्वस्त, 22 लोगों की मौत



**इंटरनेशनल डेस्क:** इजरायल-लेबनान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच, इजरायली रक्षा बल ने शुक्रवार को हिजबुल्लाह के एक शीर्ष एंटी-टैंक कमांडर अरायब अल शोगा को हवाई हमले में मार गिराया। अल शोगा हिजबुल्लाह की रादवान फोर्स की एंटी-टैंक मिसाइल यूनिट का कमांडर था और उत्तरी इजरायल पर हमलों के लिए जिम्मेदार बताया जा रहा था। इसके अलावा, गुरुवार को बेरूत में हुए इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह के वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी वाकिफ सफा गंभीर रूप से घायल हो गए। स्काई न्यूज अरबी की रिपोर्ट के अनुसार, सफा को राजधानी के दहियाह इलाके में निशाना बनाया गया था, जो हिजबुल्लाह का मुख्य गढ़ माना जाता है। इस हमले में दो आवासीय इमारतों को भी निशाना बनाया गया, जिसमें कम से कम 22 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। लेबनान के सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि यह हमला एक साल से चल रहे संघर्ष में सबसे बड़ा था, जिसमें एक आठ मंजिला इमारत पूरी तरह ध्वस्त हो गई, जबकि दूसरी इमारत की निचली मंजिलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच चल रहा संघर्ष दशकों पुराना है, जिसका केंद्र दक्षिणी लेबनान है। हिजबुल्लाह एक शिया मिलिशिया और राजनीतिक संगठन है, जिसे ईरान और सीरिया से समर्थन मिलता है। यह संगठन 1980 के दशक में इजरायली कब्जे के खिलाफ बनाया गया था और तब से यह लेबनान में प्रमुख शक्ति बन चुका है।

यह युद्ध हाल ही में 2023 में फिर से तेज हुआ, जब हिजबुल्लाह ने इजरायल पर सीमा पार से रॉकेट और एंटी-टैंक हमले शुरू किए। इजरायल के उत्तरी इलाकों पर लगातार हो रहे इन हमलों के जवाब में इजरायल ने दक्षिणी लेबनान और हिजबुल्लाह के गढ़ों पर व्यापक हवाई हमले शुरू किए। संघर्ष के बढ़ते तनाव पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, विशेषकर संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका, ने चिंता जताई है। हिजबुल्लाह को आतंकवादी संगठन मानने वाले कई देश इस संघर्ष को लेकर इजरायल का समर्थन कर रहे हैं, जबकि हिजबुल्लाह को ईरान और सीरिया का समर्थन प्राप्त है।

# ईरान की अरब देशों को खुलेआम धमकी इजरायल-अमेरिका की मदद मत करो वर्ना...



**तेहरान।** ईरान और इजरायल के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। हाल ही में 1 अक्टूबर को ईरान ने इजरायल पर मिसाइल हमला किया था, जिसके बाद से इजरायल की जवाबी कार्रवाई को लेकर ईरान चिंता में है। अब ईरान ने अरब देशों को सीधी चेतावनी दी है कि यदि उन्होंने इजरायल या अमेरिका को हमले के लिए अपने क्षेत्र या हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करने की अनुमति दी, तो उन्हें इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने अपने अरब और क्षेत्रीय पड़ोसियों को चेतावनी दी है कि अगर उनके क्षेत्र का इस्तेमाल ईरान पर हमले के लिए किया गया, तो ईरान उन पर भी जवाबी कार्रवाई करेगा। इसका मतलब यह हो सकता है कि अगर इजरायल-ईरान के बीच तनाव और बढ़ता है, तो इससे खाड़ी के तेल निर्यातक देशों को भी नुकसान हो सकता है। इस धमकी ने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कतर जैसे देशों को चिंता में डाल दिया है, जिनकी अर्थव्यवस्था तेल पर निर्भर है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान की इस धमकी के बाद कुछ मिडिल ईस्ट के अमेरिकी सहयोगियों ने स्पष्ट कर दिया है कि वे अपने हवाई क्षेत्र या भूमि का इस्तेमाल ईरान पर हमले के लिए नहीं होने देंगे। इससे इन देशों में भी सुरक्षा को लेकर बेचैनी बढ़ गई है। ईरान की चेतावनी से साफ है कि अगर इजरायल हमला करता है, तो ईरान न केवल इजरायल के बुनियादी ढांचे पर बल्कि उन अरब देशों पर भी हमला करेगा जो इजरायल की मदद करेंगे।

बांग्लादेश में दुर्गा पूजा दौरान मां की मूर्ति पर फेंका पेट्रोल बम; पंडाल में गाए इस्लामी गाने

विश्लेषकों के अनुसार, अगर खाड़ी के देशों पर हमला होता है, तो इसका असर विश्व भर के तेल बाजारों पर पड़ सकता है। फारस की खाड़ी के देशों के पास विश्व के अधिकांश तेल भंडार हैं, और अगर उन पर हमला हुआ, तो वैश्विक तेल आपूर्ति में भारी बाधा आ सकती है। ईरान और सऊदी अरब के बीच हाल ही में चीन की मध्यस्थता से एक समझौता हुआ था, लेकिन क्षेत्र में तनाव अब भी कायम है। इस स्थिति ने सऊदी अरब, यूएई और कतर को सतर्क कर दिया है, और ये देश अपने कदम बेहद सावधानी से उठा रहे हैं ताकि ईरान-इजरायल के बीच बढ़ते तनाव का शिकार न बनें।

# बांग्लादेश में दुर्गा पूजा दौरान मां की मूर्ति पर फेंका पेट्रोल बम

### पंडाल में गाए इस्लामी गाने



**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के ताती बाजार इलाके में दुर्गा पूजा पंडाल पर शुक्रवार को अज्ञात लोगों ने पेट्रोल बम फेंका, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वायरल हो रहे वीडियो में एक घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाते हुए दिखाया गया है। इस घटना के बाद, हमलावर मौके से फरार हो गए। दुर्गा पूजा का पांच दिवसीय त्योहार बुधवार को माँ दुर्गा के आह्वान के साथ शुरू हुआ था।

गुरुवार को चट्टोग्राम के जत्रा मोहन सेन हॉल में दुर्गा पूजा के मंच पर आधा दर्जन लोगों ने इस्लामी क्रांति का आह्वान करते हुए गाने गाए। इस घटना से स्थानीय हिंदू समुदाय में रोष फैल गया। इसके बाद पूजा समिति के संयुक्त महासचिव सजल दत्ता समेत सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से तनाव और बढ़ गया है। प्रसिद्ध बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन ने घटना पर नाराजगी जताते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, जिहादी दुर्गा पूजा पंडाल में इस्लामी जिहादी गाने गा रहे हैं। सोचिए अगर हिंदू मस्जिद में नमाज़ के दौरान 'हरे राम हरे कृष्ण' गाने लगें तो? पूजा के दौरान हुई इन घटनाओं ने पूरे देश में चिंता और तनाव का माहौल पैदा कर दिया है।

बता दें कि बांग्लादेश में 1 अक्टूबर से पूजा के दौरान अब तक 35 घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस ने इन मामलों में 11 केस दर्ज किए हैं, 24 जनरल डायरी बनाई गई हैं और 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक मोहम्मद मोइनुल इस्लाम ने बताया कि देशभर में 32,000 से अधिक पंडालों में पूजा मनाई जा रही है। उन्होंने शुक्रवार को ढाका के बनानी पूजा मंडप का दौरा किया।

# सावधानी हटी, दुर्घटना घटी! काले लिबास में लंदन की सड़कों पर घूम रहे फोन स्नेचिंग, 1 साल में आए इतने मामले

**इंटरनेशनल डेस्क:** आपने एक कहावत तो सुनी होगी सावधानी हटी, दुर्घटना घटी!, ऐसा ही कुछ नजारा आजकल लंदन की सड़कों पर देखने को मिल रहा है। लंदन में फोन स्नेचिंग की घटनाओं में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। अगर आप भी लंदन जाने का प्लान बना रहे हैं तो इससे पहले इन आकड़ों पर एक नजर डाल लें। दरअसल, विदेशों में शरणार्थियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में चोरी-चकारी और फोन स्नेचिंग की घटनाएं में भी तेजी से बढ़ी हैं। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में आए दिन दिनदहाड़े फोन स्नेचिंग की घटनाएं सामने आ रही हैं। माना जा रहा है कि इन घटनाओं के पीछे शरणार्थियों का हाथ है। दरअसल, दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध के हालात हैं। ऐसे में लोग अपना देश छोड़कर दूसरे देशों में शरण ले रहे हैं। सबसे ज्यादा शरणार्थी यूरोपीय देशों की तरफ रुख कर रहे हैं।

अगर आप लंदन के पार्क लें, ऑक्सफोर्ड स्ट्रीट ,औली स्ट्रेट न्यू बांड स्ट्रीट में मोबाइल लेकर घूम रहे हैं तो सावधान रहें। काले कपड़ों में इन सड़कों पर ई बाइक पर घूमने वाले लुटेरे किसी भी वक़्त आपका मोबाइल छीन कर रफू चक्कर हो जाएंगे और आपको पता भी नहीं लगेगा। हाल ही के दिनों में इन इलाकों में मोबाइल छीनने की कई घटनाएं हुई हैं और यह घटनाएं सीसीटीवी कैमरों में कैद भी हो गई हैं।



इंग्लैंड में इन दिनों चोरी और चीन झपटी की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि देखने को मिल रही है और इस साल सितंबर में जारी रिपोर्ट के मुताबिक़ इंग्लैंड और वेल्स में चोरी और छीना झपटी की 78000 वारदातें हुई हैं और इनमे से तीन चौथाई वारदातें सिर्फ लंदन में ही हुई हैं। लंदन के वेस्टमिन्स्टर इलाके में सबसे ज्यादा मोबाइल स्नैचर्स सक्रिय हैं। सितंबर तक इस इलाके में मोबाइल स्नेचिंग की 22253 घटनाएं रिपोर्ट की गई हैं। 2018 में लंदन में फोन चोरी की 48209 घटनाएं रिपोर्ट की गई थी और यह 2023 में बढ़ कर 94341 हो चुकी हैं। लंदन में सक्रिय लुटेरों के निशाने पर अधिकतर मोबाइल ही रहते हैं और सड़क किनारे घूम रहे आम लोगों से यह लुटेरे कब मोबाइल छीन कर फरार हो जाते हैं इसका पता भी नहीं चलता।

# 4 साल तक घर में माता-पिता की लाशों के साथ रही बेटी....अब कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

**नेशनल डेस्क:** ब्रिटेन की एक अदालत ने वर्जीनिया मैक्कुलो नामक महिला को अपने माता-पिता की हत्या करने के आरोप में उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने यह आदेश दिया है कि उसे अगले 36 वर्षों तक पेरोल पर रिहाई नहीं मिलेगी। इस मामले ने सभी को चौंका दिया है, जब यह पता चला कि वर्जीनिया ने चार साल तक अपने माता-पिता की लाशों के साथ एक ही घर में रहना चुना।

वर्जीनिया ने अपने माता-पिता की हत्या 2019 में की थी। चेम्सफोर्ड क्राउन कोर्ट ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाते हुए कहा कि इस घिनौने



कृत्य ने माता-पिता और बच्चों के बीच विश्वास को पूरी तरह से तोड़ दिया है। जज जेरेमी जॉनसन ने इस मामले को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि वर्जीनिया के द्वारा की गई वारदात ने पारिवारिक संबंधों को नुकसान पहुंचाया है।

पिछले साल सितंबर में, जब पुलिस ने वर्जीनिया के घर पर छापा मारा, तो उन्हें दो लाशें मिलीं। वर्जीनिया ने पुलिस के सामने अपना गुनाह कबूल किया। उसने बताया कि उसने अपने 70 वर्षीय पिता जॉन मैक्कुलो को जहर देकर मार डाला। इसके अगले दिन, उसने अपनी मां पर हथौड़े से हमला किया और फिर चाकू से गोदकर उनकी हत्या कर दी। वर्जीनिया ने पिता की लाश को पत्थरों से बने एक मकबरे में रखा और मां के शव को स्लीपिंग बैग में लपेटकर अलमारी में छिपा दिया। उसने पुलिस को वह हथौड़ा और चाकू भी दिए,

# बांग्लादेश में दुर्गा पूजा पर हिंसा व मंदिरों में तोड़फोड़ की 35 घटनाएं,

### मोदी का भेंट किया स्वर्ण मुकुट भी चोरी



**ढाका।** बांग्लादेश में दुर्गा पूजा उत्सव से संबधित करीब 35 अप्रिय घटनाओं के बाद 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 12 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने यहां यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब एक दिन पहले ही पता चला था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उपहार में दिया गया एक हस्तनिर्मित स्वर्ण मुकुट दुर्गा पूजा समारोह के दौरान बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी सतखीरा जिला स्थित एक हिंदू मंदिर से चोरी हो गया था। चोरी की इस घटना पर भारत ने चिंता व्यक्त की थी। पांच-दिवसीय हिंदू धार्मिक उत्सव बुधवार को देवी दुर्गा के आह्वान के साथ शुरू हुआ, जिसे महाषष्ठी के नाम से जाना जाता है।

यह उत्सव रविवार को देवी दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ समाप्त होगा। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं को पांच अगस्त को शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद भड़की हिंसा के दौरान उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा संपत्तियों में तोड़फोड़ की गयी और मंदिरों को क्षतिग्रस्त किया गया। बांग्लादेश की 17 करोड़ की आबादी में महज आठ फीसदी हिंदू हैं। 'द ढाका ट्रिब्यून ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) मोहम्मद मोइनुल इस्लाम के हवाले से कहा, ''एक अक्टूबर से लेकर अब तक देशभर में जारी दुर्गा पूजा उत्सव से संबंधित 35 घटनाएं हुई हैं, जिनमें 11 मामले दर्ज किए जा रहे हैं, 24 जनरल डायरी (जीडी) दर्ज की गयी और 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। न्होंने शुक्रवार को ढाका में बताया कि देशभर में 32,000 से अधिक मंडप में दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। आईजीपी इस्लाम ने सोने का मुकुट चोरी होने की घटना पर आश्वस्त किया कि पुलिस के पास घटना के लिए जिम्मेदार लोगों का रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा, ''ऐसे व्यवधानों में शामिल लोगों को सजा दिलाई जाएगी। अगर कोई दुर्गा पूजा के दौरान अराजकता पैदा करने या दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों में शामिल होने का प्रयास करेगा तो हम सख्त कार्रवाई करेंगे। चटगांव में हमले के बारे में एक सवाल पर उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार को एक छापे के बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया गया और इसके पीछे के उद्देश्य का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

इससे पहले 'बीडीन्यूज24 डॉट कॉम ने बताया कि बृहस्पतिवार को करीब छह लोगों ने ढाका से लगभग 250 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में चटगांव के जात्रा मोहन सेन हॉल में एक दुर्गा पूजा मंडप के मंच पर इस्लामी क्रांति का आह्वान करते हुए एक गीत गाया, जिससे व्यापक आक्रोश फैल गया। इस घटना का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे लोगों के बीच और आक्रोश उत्पन्न हो गया। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस के रविवार को सदियों पुराने ढाकेश्वरी मंदिर में जाने की संभावना है जो ढाका में स्थित है और प्रमुख शक्ति पीठों में से एक है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569